

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 04 : अंक : 25 | ग्वालियर, रविवार 14 मार्च 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज ट्रैक

### दहेज में बाइक व सोने की चेन नहीं मिली तो विवाहिता को पहले पीटा, फिर हाथ-पैर बांधकर गर्म सलाखों से दागा

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले में दहेज में बाइक व सोने की चेन की मांग पूरी नहीं होने पर एक महिला को उसके ससुरालवालों ने हाथ-पैर बांधकर पिटाई की। फिर गर्म सलाखों से दागकर उसे जख्मी कर दिया गया। इलाज के लिए महिला को सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में महिला के मायके वालों ने बताया कि मांझागढ़ थाने के डोमाहाता गांव की सोनी देवी की शादी उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के तमकुही राज थाने के सलेमगढ़ पैठान टोली गांव के संजय पासी के साथ करीब सात वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद से उसका पति व बड़ी गोतनी दहेज में बाइक व सोने की चेन को लेकर प्रातड़ित करने लगे। कई बार पंचायत में भी मामला पहुंचा। मगर ससुरालवाले दहेज में बाइक व सोने की चेन की मांग पर अड़े रहे। मांग पूरी नहीं होने से पति व बड़ी गोतनी ने उसका हाथ-पैर रस्सी से बांध दिया। इसके बाद उसके साथ मारपीट की गई। मारपीट के दौरान ही गर्म सलाखों से उसे दागकर जख्मी कर दिया गया। किसी तरह सोनी अपने मायके पहुंची और घटना की पूरी जानकारी मायके वालों को दी। इसके बाद मायके वाले उसे इलाज के लिए लेकर सदर अस्पताल में पहुंचे, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए पीड़िता ने महिला थाने में गुहार लगाई है।

### हवाई सफर में कोरोना गाइंडलाइस न मानने वालों को उतार दिया जाएगा



**नई दिल्ली।** यदि कोई यात्री फ्लाइट में बैठकर मास्क नहीं लगाता है या निकाल देता है तो उसके विमान से उतारा जा सकता है। उड्डन महानिदेशालय की ओर से यह चेतावनी दी गई है। फ्लाइट में कोरोना गाइडलाइंस के उल्लंघन की खबरों के बीच उड्डयन महानिदेशालय ने कहा, एयरक्राफ्ट के भीतर यदि यात्री मास्क नहीं लगाते हैं या फिर कोरोना गाइडलाइंस का उल्लघंन करते हैं तो उन्हें उतारा जा सकता है। यही नहीं यदि कई बार चेतावनी जारी किए जाने के बाद भी यात्री का बर्ताव नहीं सुधरा तो फिर उसके साथ एक उपद्रवी यात्री के तौर पर बर्ताव किया जाएगा। यही नहीं महानिदेशालय की ओर से एयरपोर्ट्स की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ और पुलिस अधिकारियों को भी आदेश दिया है कि वे बिना फेस मास्क लगाए किसी यात्री को एंट्री न करने दें। यही नहीं एयरपोर्ट अथॉरिटीज को आदेश दिया गया है कि परिसर में कोरोना गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित करें और कोई भी यात्री बिना मास्क के नजर न आए। डीजीसीए की ओर से जारी चेतावनी में कहा गया है, यदि कोई यात्रा कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन नहीं करता है तो फिर चेतावनी जारी की जाए। उसके बाद भी बर्ताव नहीं सुधरता है तो उसे सुरक्षाबलों के हवाले किया जाए। यदि जरूरत पड़ती है तो ऐसे यात्री के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। डीजीसीए ने कहा कि इन चेतावनियों का तत्काल पालन होना चाहिए और यदि कोई इसका पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाए। उड्डयन महानिदेशालय की ओर से यह चेतावनी ऐसे समय में दी गई है, जब देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में एक बार फिर से तेजी देखने को मिली है। शुक्रवार को कोरोना संक्रमण के 24,882 केस मिले हैं। इसके साथ ही देश भर में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या 2 लाख के पार पहुंच गई है। अब तक देश में कोरोना के 11,333,728 मामले सामने आ चुके हैं। इस साल यह चौथा मौका है, जब कोरोना वायरस के संक्रमण के नए केसों की संख्या एक दिन में 20,000 से यादा दर्ज की गई है। खासतौर पर महाराष्ट्र, पंजाब, केरल, गुजरात, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे रायों के चलते चिंताएं बढ़ी हैं।

#### पत्रकारों से मारपीट

# अखिलेश यादव पर मुरादाबाद में मुकदमा दर्ज

**मुरादाबाद।** पत्रकारों से मारपीट के मामले में सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सहित 21 के खिलाफ मुरादाबाद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। इंडियन प्रेस एलाइवनेस एसोशिएशन के अध्यक्ष डॉ. अवधेश पराशर ने मारपीट, बलवा और अन्य धाराओं में मामला दर्ज करवाया है। वहीं दूसरी ओर सपा जिलाध्यक्ष ने भी दो पत्रकारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

**सपा जिला अध्यक्ष ने भी दर्ज कराया मामला-**

सपा जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने भी पत्रकारों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने एबीपी न्यूज के उबैद उर रहमान, न्यूज 18 के पत्रकार फरीद शम्सी के खिलाफ धारा 160 /341/ 332/ 353/ 504/ 499/ 120 के तहत मामला दर्ज कराया है।



### एफआईआर में पत्रकारों ने लगाया आरोप

यूपी पुलिस के पास दर्ज कराई गई एफआईआर में पत्रकारों ने आरोप लगाया है कि 11 मार्च को मुरादाबाद के होलीडे रेजीडेन्सी में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद लॉबी में कुछ पत्रकारों ने उनसे कुछ व्यक्तिगत सवाल पूछ लिए। इससे यादव छटपटा गए और उन्होंने अपने गार्डों और साथियों को पत्रकारों पर हमला करने के लिए उकसा दिया। वहीं उपस्थित सिक्योरिटी गार्डों एवं 20 से अधिक सपा कार्यकर्ताओं ने पत्रकारों को पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया। जिसमें कई पत्रकारों को गंभीर चोटें आई हैं।

### क्या है पूरा मामला

दरअसल, अखिलेश यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस में गुरुवार को पत्रकारों के साथ बदसलूकी करने का मामला सामने आया था। आरोप था कि पत्रकारों को अखिलेश यादव के सुरक्षाकर्मियों ने धक्का देकर जमीन पर गिराया। इस दौरान एक टीवी चैनल का पत्रकार नीचे गिर गया और उसे चोट लग गई थी। मामले पर पत्रकारों का कहना था कि उन्हें सवाल पूछे जाने से भी रोका गया। दूसरी ओर, सपा कार्यकर्ताओं ने पत्रकारों पर पक्षपात करने का आरोप लगाया था।

### पत्रकारों की पिटाई पर कानून मंत्री ने सपा पर साधा था निशाना

प्रदेश के न्यायमंत्री बृजेश पाठक ने शुक्रवार को मुरादाबाद में पत्रकारों की पिटाई की कड़ी निंदा की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में उनकी पार्टी के लोगों ने पत्रकारों पर प्राणघातक हमला किया है। पाठक ने कहा कि लाल टोपी लगाने वाले सभी लोग सामाजिक कार्यकर्ता नहीं हैं, इनमें गुंडे शामिल हैं जिनसे लोग सतर्क रहें। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह शर्म की बात है कि एक मुख्यमंत्री रह चुके शख्स की मौजूदगी में यह वारदात हुई। उन्होंने मुरादाबाद की इस घटना में चोटिल हुए कई पत्रकारों के नाम लेते हुए कहा कि इन पत्रकारों को सपा कार्यकर्ताओं के हमले में गंभीर चोटें आई हैं। श्री पाठक ने कहा कि हम इस घटना को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमारी सरकारी, हमारी पार्टी, हमारे मुख्यमंत्री व अन्य नेता मीडिया के साथ हैं और मुरादाबाद की इस घटना को प्रदेश और देश में ले जाएंगे।

#### आजाद, आनंद, सिब्बल और तिवारी

# असम प्रचारकों की सूची में नहीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तीन चरण के असम विधानसभा चुनावों के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की, जिसमें पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत कई अन्य नेता शामिल हैं. पश्चिम बंगाल की तरह, सूची में राज्यसभा के पूर्व सदस्य गुलाम नबी आजाद, पार्टी के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल, लोकसभा सांसद मनीष तिवारी और राज्यसभा सांसद आनंद शर्मा के नाम शामिल नहीं हैं. अन्य स्टार प्रचारकों में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मुकुल वासनिक, सलमान खुर्शीद, जितेंद्र सिंह, विकास उपाध्याय, अनिरुद्ध सिंह, क्रिकेटर से राजनेता बने नवजोत सिंह सिद्धू, मोहन प्रकाश शामिल हैं. पार्टी ने रामेश्वर उरांव, असम कांग्रेस प्रमुख रिपुन बोरा, सुष्मिता देव, गौरव गोगोई, देबबर्ता सैकिया, प्रद्युत बोरदोलाई, रकीबुल हुसैन, भूपेन बोरा, राणा गोस्वामी, रानी नराह, रूपज्योति कुर्मी, रोजेलिना तिर्की, का भी नाम दिया है.

### पाकिस्तान में प्यार गुनाह? वायरल हुआ प्रपोज का यह वीडियो तो दोनों को मिली सजा

**लाहौर।** जिस देश में 62 साल का एक सांसद बिना डर और शर्म के 14 साल की बच्ची से शादी कर लेता है वहां दो बालिगों को प्यार के इजहार की सजा दी गई है। पाकिस्तान की लाहौर यूनिवर्सिटी में एक लड़की ने घुटनों के बल बैठ ब्वॉयफ्रेंड को प्रपोज किया और दोनों ने एक दूसरे को गले लगाया तो यह वीडियो वायरल हो गया। अब दोनों को बर्खास्त कर दिया गया है। शुक्रवार को एक्शन लेते हुए यूनिवर्सिटी की ओर से कहा गया कि दोनों स्टूडेंट नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए हैं। इस वीडियो में दिख रहा है कि एक लड़की अपने घुटनों के बल बैठकर गुलाबों का एक गुलदस्ता लिए अपने प्यार का इजहार करती है। आसपास खड़े स्टूडेंट्स तालियां बजाते हैं और शोर मचाते हैं। लड़की का क्लासमेट गुलदस्ते को लेकर प्रस्ताव स्वीकार करता है और दोनों एक दूसरे को गले लगा लेते हैं।

# जेवर में टोल कर्मियों से दुर्व्यवहार के आरोप में 100 से अधिक किसानों के खिलाफ केस दर्ज

**नोएडा।** यमुना एक्सप्रेस-वे के जेवर टोल प्लाजा पर शुक्रवार को टोल कर्मियों के साथ कथित रूप से गाली-गलौज और मारपीट करने के मामले में 100 से अधिक किसानों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। थाना जेवर के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस-वे के जेवर टोल प्लाजा के नोडल अधिकारी ईश्वर सिंह ने थाना जेवर में इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एफआईआर में कहा गया है कि संजय कसाना, अशोक, सचिन, नरेंद्र भाटी तथा नरेश समेत करीब 100 लोगों ने भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) के बैनर तले शुक्रवार को जेवर टोल प्लाजा पर पहुंचे तथा वहां तैनात कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।



### खुद को लोकल विधायक बताकर लोगों को लगाता था चूना, दिल्ली पुलिस ने कर लिया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एक व्यक्ति के द्वारा खुद को विधायक बताना इस कदर महंगा पड़ा कि वह हवालात में पहुंच गया। पुलिस को जैसे ही इसकी शिकायत मिली कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामला यह है कि भलिंदर पाल सिंह, जो कि उत्तराखंड के देहरादून का रहने वाला है, खुद को सांसद या विधायक बताकर लोगों को चूना लगाता था। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को इसके गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, भरिंदर पाल सिंह देहरादून से मुंबई शिफ्ट हो गया था। वह अंधेरी में एक जूते की दुकान चलाता है।

#### एंटीलिया संदिग्ध कार केसः एक्टिव हुई एनआईए

# पुलिस अधिकारी सचिन वाझे से की लंबी पूछताछ

**मुंबई।** कारोबारी मुकेश अंबानी के घर के बाहर मिली संदिग्ध एसयूवी के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी मुंबई पुलिस के अधिकारी सचिन वाझे से पूछताछ की है। इस एसयूवी के मालिक कहे जा रहे मनसुख हिरेन की मौत के बाद विवादों में घिरे सचिन वाझे का क्राइम ब्रांच से ट्रांसफर कर दिया गया है। 25 फरवरी की शाम को अंबानी के घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी से विस्फोटक जिलेटिन की 20 छड़ें भी बरामद हुई थीं। यही नहीं गाड़ी से एक धमकी भरा पत्र भी मिला था, जिससे सनसनी फैल गई थी। एक सीनियर आईपीएस अधिकारी ने बताया कि सचिन वाझे शनिवार को सुबह 11ः30 बजे दक्षिण मुंबई में स्थित एनआईए के दफ्तर पहुंचे थे और अधिकारियों ने उनका बयान दर्ज किया। एसयूवी कार से जुड़े और ठाणे में ऑटो पार्ट्स का बिजनेस करने वाले मनसुख हिरेन की हत्या का केस एटीएस ने दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। एटीएस ने भी 9 मार्च को सचिन वाझे से 10 घंटे तक मैराथन पूछताथ की थी। 25 फरवरी को अंबानी के घर एंटीलिया के पास कार्माइकल रोड पर एक संदिग्ध कार मिली थी। इस कार से बम निरोधक दस्ते ने जिलेटिन की 20 छड़ें बरामद की थीं, जिसके बाद यह मामला काफी गंभीर हो गया था। उसी दिन गामदेवी पुलिस स्टेशन में इस संबंध में केस दर्ज कर लिया गया था और जांच शुरू की गई थी।






ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोनः 0751-4901403

मो. 7879637585, 8770253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com


#### बंगाल चुनावः घायल ममता बनर्जी

# 15 मार्च से देंगी विपक्ष को चोट, करेंगी ताबड़तोड़ रैलियां

ममता बनर्जी के घायल होने के बाद पश्चिम बंगाल में विपक्षी दलों ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। यह सतर्कता सहानुभूति वोट को लेकर बरती जा रही है। कांग्रेस पार्टी ने हाल ही में अपने प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के उस बयान से असहमति जाता दी थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि ममता नंदीग्रास सीट हार रही हैं, इसलिए वह नौटंकी कर रही हैं। कांग्रेस पार्टी को अधीर रंजन के नौटंकी शब्द से आपत्ति थी। इतना ही नहीं, भाजपा और वामदलों ने भी अपनी रणनीति बदल ली है। अब देखना दिलचस्प होगा कि ममता बनर्जी जब घायल होने के बाद पहली बार चुनाव मंच पर जनता के सामने होंगी तो वह किस तरह विपक्ष पर हमला करती हैं।

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमाल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी बीते दिनों नंदीग्राम में चोट लगने की वजह से घायल हो गई थीं। इसके बाद उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में एडमिट कराया गया था। कल उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। जब वह अपने घर के लिए अस्पताल से निकलीं तो व्हीलचेयर पर बैठी हुई थीं। उनके पैर में पट्टी भी बंधी थी। इस बात की संभावना अधिक है कि डॉक्टर ने उन्हें आराम की सलाह दी होगी। चुनाव सिर पर हो और एक सत्तारूढ़ पार्टी की मुखिया यूं भला घर में कैसे बैठी रह सकती हैं। खबर आ रही है कि नंदीग्राम में घायल हुई ममता ने 15 मार्च से बंगाल के सियासी अखाड़े में विपक्षी दलों को चोट पहुंचाने का मन बना लिया है। इसके लिए कार्यक्रमओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी 15 मार्च से बंगाल के सियासी अखाड़े में हुंकार भड़ती हुई दिखने वाली हैं। उनकी पहली रैली 15 मार्च को पुरुलिया में होने वाली है। इसके अलावा वह 16 मार्च को बांकुरा और 17 मार्च को झारग्राम में अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगती हुई दिखेंगी।



**क्या कहा था ममता बनर्जी ने?**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अस्पताल से अपने समर्थकों के लिए जो वीडियो जारी किया था, उसमें उन्होंने कहा था, मुझे अपने अगले दो से तीन दिनों में जमीन पर वापस लौटने की उम्मीद है। चोट फिर भी बरकरार रह सकती है, लेकिन मैं मैनेज कर लूंगी। मैं एक भी मीटिंग ड्रॉप नहीं करूंगी। हो सकता है कि कुछ दिनों के लिए मुझे व्हीलचेयर की मदद लेनी पड़े। मैं आपका सपोर्ट चाहती हूं।

### सहानुभूनित वोट बटेरने की होगी कोशिश

यह माना जाता है कि राजनेता सियासत में हर घटना को भुनाने की कोशिश करते हैं। ममता बनर्जी तो बीच चुनाव में घायल हुई हैं। वह भी इस मौके को हाथ से जाने नहीं देंगी। उन्होंने खुद इसके संकेत भी दिए थे। ममता बनर्जी का जब कोलकाता के अस्पताल में इलाज चल रहा था तो उन्होंने अपने समर्थकों के लिए एक वीडियो जारी किया था, जिसमें उन्होंने शांति बनाए रखने की अपील तो की ही थी, साथ ही यह भी कहा था कि वह चोट लगने की वजह से व्हीलचेयर पर बैठकर ही प्रचार करेंगी। ममता अगर व्हीलचेयर पर बैठकर चुनावी मंच पर नजर आएंगी तो इसकी प्रबल संभावना है कि सहानुभूति वोट का फायदा टीएमसी को मिल सकता है।

## एक नजर...




### भाजपा नगर मंडल अंबाह ने चलाया कोविड-19 वैक्सीन जागरूकता अभियान

केशव पंडित जी अम्बाह...

**प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर जागरुकता अभिया, आज भाजपा नगर मंडल अंबाह के द्वारा सिविल अस्पताल में स्टाल लगा कर**

कोरोना से बचाव हेतु वैक्सीन जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई
आज भाजपा नगर मण्डल अम्बाह के द्वारा सिविल हॉस्पिटल अंबाह में कोविड-19 की वैक्सीन लगाने का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।यह कोविड वैक्सीन लगाने का अभियान नगर के प्रत्येक वार्ड में एवं मंडल की प्रत्येक पंचायतों मैं वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा घर घर जाकर यह अभियान चलाया जायेगा। कार्यक्रम में उपस्थित रहे जिला उपाध्यक्ष श्री गणेश सिंह तोमर जी, नगर मण्डल अध्यक्ष श्री अखिलेश शर्मा जी (कल्ला), जिला प्रवक्ता श्री बच्चू लाल गुप्ता जी,पूर्व मण्डल अध्यक्ष श्री कवीन्द्र सिंह तोमर जी, पिछड़ाबर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री साधु सिंह राठौर जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री कृष्ण भदौरिया जी महामंत्री श्री उमेश जैन जी, श्री सुरेश समाधिया जी श्री गिर्राज चौधरी जी, मंडल उपाध्यक्ष श्री महावीर शर्मा जी, बहन किशोरी गुप्ता जी, श्री गिर्राज तिवारी जी,श्री प्रदीप शर्मा हन्डा जी, श्री राजेश कपासिया जी,पार्षद सुभाष शर्मा जी, मंडल मंत्री केशब त्यागी जी, राजू तोमर जी, पार्षद धर्मेंद्र तोमर जी, पार्षद रामबिलास कुशवाह जी, एडवोकेट अनिल श्रीवास्तव जी एडवोकेट कैलाश नारायण शर्मा जी वरिष्ठ नेता विष्णु शर्मा जी मंडल उपाध्यक्ष अशोक कपासिया जी पूर्व पार्षद मनोज शर्मा जी मंडल मंत्री दीपू भदौरिया जी आरिफ खान जी,बल्ली तोमर जी,नूतन श्रीवास्तव जी,शेखर माथुर सहित भाजपा के अन्य ज्येष्ठ श्रेष्ठ पदादिकारी एव कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

### विधुत विभाग के अधिकारी की दबंगाई से विभाग के ही कर्मचारी परेशान




**लहार( अर्पित गुप्ता)।** भिंड जिले के लहार में एक बार फिर एक दवंग अधिकारी द्वारा दलित कर्मचारी को अपमानित करने का मामला सामने आया है वही पूरे मामले की शिकायत लहार थाना पुलिस को की गई है लेकिन लहार थाना पुलिस दलित पीड़ित की कोई सुनवाई नहीं करना चाह रही है और आवेदन लेकर पूरे मामले से पल्ला झाड़ रही है जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग डिवीजन ऑफिस लहार में पदस्थ दलित बाबू सुघर सिंह दोहरे के साथ ऑफिस में पदस्थ डिवीजन इंचार्ज विकास गुप्ता द्वारा आए दिन गाली गलौज एवं अभद्रता की जाती है इसी तरह 8 मार्च को भी उक्त अधिकारी द्वारा कार्य करते समय बाबू सुघर सिंह के साथ गाली गलौज की गई उक्त मामले की शिकायत करने फरियादी पुलिस थाने पहुंचा लेकिन पुलिस थाने में फरियादी की कोई सुनवाई नहीं हुई जबकि यहां बता देना और उल्लेखनीय होगा कि फरियादी उसी थाने में अपनी फरियाद लेकर पहुंचा था जहां कुछ दिन पहले एक 65 वर्ष के बुजुर्ग पर बगैर जांच किए एससी एसटी एक्ट का मामला दर्ज कर दिया गया था जबकि बुजुर्ग बेकसूर था वहीं बिजली विभाग मामले में अधिकारी दोषी है लेकिन पुलिस अधिकारी का बचाव करने में जुटी हुई है पूरे मामले को लेकर फरियादी सुघर सिंह दौहरे ने भिंड पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर से न्याय की मांग की है।।

**थाईलैंड में होने वाली एशियन चौंपियनशिप में चुनी गयीं**

# भिण्ड की बेटी श्रेया करेंगी भारत का नाम रोशन

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भिण्ड नबादाबाग डांक बंगला रोड निवासी कु. श्रेया यादव बचपन से जिसने अपने स्कूल में स्पोर्ट्स गतिविधियां होते हुए देखीं और प्रत्येक खेल में रुचि रखने वाली कु. श्रेया शारीरिक रूप से अपनी उम्र की लड़कियों पर ही नहीं लड़कों पर भी भारी पड़ती थीं और धीरे-धीरे अनजाने में ही शारीरिक रूप से बहुत बलिष्ठ होती गई और भिण्ड में जब उनके पिता राधे गोपाल यादव के प्रयासों से वाटर स्पोर्ट्स स्थानीय गौरी सरोवर में कयाकिंग कैनोइंग खेल को प्रारंभ किया गया था और वहां पर पूर्व कलेक्टर और आमजन के सहयोग से एक बड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ वहीं से कु. श्रेया यादव ने खेलों के लिए पूरी तरह से समर्पित हो जाने की मन में ठान ली। संकोची स्वभाव के कारण अपने मन की बात खुलकर कहने में संकोच करती रहीं ।
ऐसे में खेल एकेडमी में चयन के लिए कुछ लड़के लड़कियों ने भिण्ड से टेस्ट दिए और उनमें से एक लड़की का चयन भी हुआ पर उनके माता-पिता अकेली लड़की को भिण्ड से बाहर भेजने के लिए तैयार नहीं थे अंजली शिवहरे जो कि राधे गोपाल यादव के द्वारा ही प्रारंभिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग ले रही थीं उनका भविष्य खराब ना हो जाए इसको देखते हुए कम उम्र की होने के बावजूद भी कु. श्रेया की इच्छा को देखते हुए और अंजली के



भविष्य के लिए वाटर स्पोर्ट्स एकेडमी मध्य प्रदेश के लिए भेज दिया, वहां जाकर के जहां अंजलि ने रोइंग खेल का चयन अपने लिए किया वही सबसे कठिन और खतरनाक जोखिम भरा पानी का खेल कैनो सलालम का चयन कु. श्रेया ने अपने लिए किया और पहले ही वर्ष में इंडिया में गोल्ड मैडल हासिल किया उसके बाद कोरोना काल के चलते घर वापस लगभग 1 वर्ष तक रहना पड़ा घर पर रहकर निरंतर अभ्यास ऑनलाइन अपने प्रशिक्षक की देख-रेख में करती रहीं। घर पर अपने पिता के साथ व्यायाम करके शारीरिक फिटनेस का ध्यान रखा और पिता के निर्देशन में व्यायाम पिता-पुत्री साथ-साथ करते रहे जिसके फल स्वरुप दोबारा 2021 में जब वह खेल एकेडमी वापस पहुंची तो शीघ्र ही 2 महीने बाद होने वाले कंप्टीशन में फिर से मैडल प्राप्त करने में सफल रहीं इसके बाद उनका चयन इंडिया की आलम टीम के लिए हो गया और उसी का कैंप वर्तमान में स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सानिध्य में वह महेश्वर में रहकर प्राप्त कर रही हैं आने वाले समय में थाईलैंड में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए वह भारत का नाम रोशन करेंगी और भिण्ड की ही नहीं पूरे भारत की लड़कियों की प्रेरणा स्रोत बनेंगी कु. श्रेया के प्रोत्साहन में पूरा परिवार ही लगा रहता है क्योंकि कु. श्रेया के परिवारजन ज्यादातर सभी खेल में परिपक्व हैं जिन्होंने प्रत्येक खेल को बढ़ाने के लिए अहम भूमिका निभाई है। कु. श्रेया ने राज्य शासन एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि थाईलैंड में होने वाली एशियन चैंपियनशिप में मेरा चयन होने से मैं बहुत खुश हूं, मुझे गर्व है कि मैं एशियन चैंपियनशिप में अपने देश के लिए खेलूंगी।



### प्रधान आरक्षक बने कमलेश को थाना प्रभारी ने मिठाई खिलाकर दी बधाई

दबोह(अर्पित गुप्ता)
जिले के दबोह थाने में पदोन्नत हुए पुलिस कर्मी को थाना निरीक्षक दबोह प्रमोद साहू व उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह चौहान ने प्रधान आरक्षक बने कमलेश जाटव को फिति लगाई तदोपरांत मिठाई खिलाकर बधाई दी।इस मौके थाना निरीक्षक ने कहा कि ईश्वर से कामना है कि आप ऐसे ही तरक्की करते रहे और आगे बढ़े।इस मौके पर थाना निरीक्षक प्रमोद साहू,उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह चौहान,प्रधान आरक्षक बलवीर सिंह,श्रीकृष्ण दिवान जी,अभिषेक यादव,विकास पवैया, सतेंद्र गुर्जर व रमाकान्त राठौर आदि थाना स्टाफ ने कमलेश जाटव को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके मंगल जीवन की कामना की।

## करधेन सरकार पर भारी मात्रा में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**दबोह( अर्पित गुप्ता)**
नगर में करधेन तालाब पर स्थित शिव,हनुमान एवं शनिदेव के मन्दिर पर नगर के श्रद्धालुओं एवं भक्तगणों के द्वारा बड़े ही

**भक्तों के द्वारा धूमधाम से मनाई गई शनिचरी अमावस्या**

हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से शनिचरी अमावस्या मनाई गई।इस अवसर भगवान शनिदेव की विधि पूर्वक पूजा अर्चना छप्पन प्रकार भोग लगा कर भजन गायन किया गया।मन्दिर के पुजारी श्री सुदामा लाल गोस्वामी ने बताया कि यहा स्थित शिव-हनुमान मंदिर लगभग 200 वर्ष पुराने मन्दिर है और हाल ही में लगभग चार से पाँच वर्ष पूर्व यहा शनिदेव के मंदिर बनवाकर भगवान शनि की प्राण प्रतिष्ठा की



गयी है।जिस पर आज शनिचरी अमावस्या के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय भक्तों व श्रद्धालुओं के द्वारा बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है।आज के दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान पुण्य किया जाता है इस दिन भगवान शनि देव की पूजा अर्चना की जाती है जिनको तेल अर्पण किया जाता है माना जाता है कि आज के दिन पितरों के लिए पिंड दान करने की परंपरा हैं साथ ही साथ पितृ के दोषों के निवारण के लिए शनिदेव को तिल-तेल का अभिषेक किया जाता है ज्योतिष के अनुसार फाल्गुन माह में पड़ने वाली शनिचरी अमावस्या का बहुत महत्व होता है उनके अनुसार जिन लोगों की कुंडली और पितृ - दोष होता है उन लोगों को इस दिन शनिदेव महाराज को तेल- तिल का अभिषेक करने से उनके कष्टों का निवारण होता है इस दिन पितृ के तर्पण के लिए गरीबों और वृध्दजनो को भोजन और वस्त्र देना चाहिए साथ ही आज के दिन हनुमान भगवान को सिंदूर चढ़ाकर पूजा करने से शनि दोष दूर होता है जिसके लिए आज सुबह से ही यहा के मंदिरो में क्षेत्रीय भक्तों का तांता लगा हुआ है।

**कलेक्टर ने ली वैक्सीनेशन के लिए**

# आयुष्मान कार्ड बनाए जाने संबंधी समीक्षा बैठक

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने आज जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में वैक्सीनेशन एवं आयुष्मान कार्ड बनाए जाने संबंधी समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत आईएस ठाकुर, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार, लहार आरए प्रजापति, गोहद शुभम शर्मा, मेहगांव एमके बरोले, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल, जनपद सीईओ, नगर पालिका सीएमओ, सचिव, रोजगार सहायक, बीएलओ, बीएलई, स्वयंसेवी संस्थाऐं उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने निर्देषित किया कि 13, 15, 17 एवं 18 मार्च 2021 को जिले में वैक्सीनेशन कार्य किया जाएगा। जिसमें कोविड-19 का वैक्सीनेशन 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों एवं ऐसे व्यक्ति जो 45 से 59 वर्ष के जिन्हें हृदय रोग, गुर्दारोग, लीवर रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं उन्हें भी कोविड-19 का टीका निःशुल्क लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि 13, 15,17 एवं 18 मार्च 2021 को दिए गये मतदान केन्द्रों पर मतदाता के रूप में दर्ज 60 वर्ष से अधिक एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित



व्यक्तियों को नजदीक स्थित जिला अस्पताल या सीएचसी पर कोविड-19 वैक्सीन लगाई जाएगी उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सीईओ जनपद पंचायत एवं शहरी क्षेत्र में एसडीएम को जवाबदेही दी गई है। वैक्सीनेशन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवही बर्दाश्त नहीं होगी। वैक्सीनेशन की रिपोर्ट प्रति दो घण्टे के मान से सीईओ जिला पंचायत को उपलब्ध कराई जाती रहे। वैक्सीनेशन का कार्य शत प्रतिशत हो ऐसी व्यवस्था की जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान बताया गया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 250 आईडी प्रदान की गई है। एक व्यक्ति अपनी आईडी से कम से कम 50 आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। बीएलई, सचिव समन्वय बनाकर कार्य करें। कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम एवं सीईओ जनपद रूचि लेकर इस कार्य को प्राथमिकता पर लें। जिससे आयुष्मान कार्ड अधिक से अधिक बनाए जा सकें। जिसका फायदा लोगों को मिले। उन्होंने कहा कि इस कार्य में एक सप्ताह के अन्तर्गत प्रगति दिखना चाहिए इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक में सीएमचओ डॉ अजीत मिश्रा के द्वारा दो तरह के फ्लेक्स, बैनर उपलब्ध कराये गए जिन पर एक बेनर पर यहां आयुष्मान कार्ड बनाए जाते हैं और दूसरे फ्लेक्स पर आयुष्मान कार्ड के फायदे की जानकारी लिखी हुई। कलेक्टर ने कहा कि सचिव के पास पंचायत दर्पण उपलब्ध है, जिसमें सारी जानकारी एकत्रित हैं। बैठक में बताया गया कि गत 1 मार्च 2021 से आयुष्मान आपके द्वारा योजना शुरू कर दी गई है।

### ग्रामीण कृषि विस्तार एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा 2020 के संबंध में वस्तुस्थिति

भिण्ड। प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश, भोपाल के अन्तर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के 791 एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के 72 इस प्रकार कुल 863 पदों हेतु भर्ती परीक्षा का आयोजन दिनाँक 10/2/2021 एवं 11/02/2021 को कुल तीन पालियों में किया गया था। उक्त परीक्षा में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हेतु 19971 एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी हेतु 8132 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया गया था। यह परीक्षा मध्यप्रदेश के 13 शहरों के 57 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई थी, जिसमें अभ्यर्थियों का उपस्थिति प्रतिशत 82.92 प्रतिशत रहा। अगस्त 2015 से पी.ई.बी. द्वारा ऑनलाईन पद्धति से परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है एवं तत्समय से ही परीक्षा प्रणाली को और सुदृढ़, सुचितापूर्ण एवं पारदर्शी बनाये जाने के हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में परीक्षा समाप्ति के समय ही अभ्यर्थियों को उनके सही उत्तरों की संख्या/अंक प्रदर्शित किये जाते हैं। पूर्ण परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा में आये प्रश्नों पर अभ्यर्थियों से आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं। नवम्बर-2020 से यह प्रक्रिया ऑनलाईन माध्यम से प्रारंभ की गई है। जिसमें पी.ई.बी. के पोर्टल पर प्रदर्शित लिंक के माध्यम से केवल अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर, जन्मतिथि, परीक्षा तिथि एवं पाली को अंकित कर अपनी उत्तर पुस्तिका को मॉडल उत्तर कुंजी सहित देख सकता है तथा आपत्तिगत प्रश्नों पर ऑनलाइन अभ्यावेदन कर सकता है।

## शासकीय माध्यमिक विद्यालय मेहगांव जिला भिंड की राष्ट्रीय सेवा

योजना इकाई द्वारा ग्राम कनारी में सात दिवसीय विशेष शिविर की छठवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में एसआई शिखा दंडोतिया द्वारा छात्राओं को आत्मरक्षा और समाज के प्रति अपना निश्चित स्थान प्राप्त कराने पर संबोधित किया साथ ही इनकी सहयोगी आरक्षक ज्योति कुशवाहा एवं पदम सिंह के द्वारा छात्राओं को हर प्रकार से मदद करने का आश्वासन दिया इस क्रम में शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय के प्रचार श्री हरीश चंद शर्मा ने छात्राओं को अपने उद्योग बन में सामाजिक सहायता निडरता एवं पुरातत्व शिक्षा पर प्रकाश डालकर छात्राओं का मनोबल बढ़ाया राष्ट्रीय सेवा



योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी मंच संचालन रानू शर्मा के द्वारा किया गया एवं छात्राओं द्वारा शिविर में दैनिक कार्यक्रम में आयोजन किया गया कार्यक्रम में माध्यमिक विद्यालय परिषद से कार्यक्रम का संचालन श्री दुर्गेश गुप्ता द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री आर के डरिया ने की एवं कार्यक्रम में अपनी अमूल्य सहभागिता एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती गिरिजा नरवरिया श्री राधा कृष्ण शर्मा डॉ अनुराग दत्त शर्मा श्री आलोक मिश्रा प्रियंका बिशन अनिल त्यागी वंदना श्रीवास्तव हर्षद मिश्रा सुनील बंसल सुशील चौधरी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

**स्वास्थ्य केंद्र पर कोरोना टीकाकरण लगना शुरू**

## प्रदेश महासचिव शिवनारायण दुवे को लगाया गया टीका

**दबोह( अर्पित गुप्ता)**
शासन के आदेशानुसार दबोह नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर

**पहले दिन लगभग 60 लोगों ने लगवाए कोरोना टीके**

शनिवार के रोज से कोरोना टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान दिनांक 13 मार्च 2021 को कोरोना महामारी से बचाव हेतु 45 वर्ष से 60 वर्ष तक के व्यक्तियों को टीका लगाया गया।वहीं प्रदेश कांग्रेश महासचिव शिवनारायण दुवे उर्फ बल्लू बकील को कोरोना का टीका लगाया गया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव हेतु शासन ने कोरोना बेकसीन बनाकर बहुत



बड़ी उपलब्धि हासिल की है हमे जागरूक होकर टीकाकरण कराना चाहिए और सुरक्षा की दृष्टि हेतु माक्स का उपयोग करना चाहिए। मेडिकल ऑफिसर डॉ.निशांत यादव के द्वारा नगर की आमजनता से अपील की गई कि 45 वर्ष से 60 वर्ष के व्यक्ति अपना कार्ड और मोबाइल लेकर आये और कोरोना टीकाकरण कराएं साथ ही उन्होंने जनता से अपील करतर हुये कहा कि कोरोना महामारी के पुनः बढ़ते हुए प्रकोप को देखते हुए सभी लोग मास्क का उपयोग अवश्य करें। इस मौके पर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर निशांत यादव, मुख्य नगर परिषद अधिकारी बाबूलाल कुशवाह, पंचायत सुपरबाईजर सुरेश लहारिया, सद्दीक खान, अजय कौरव, शिवकुमार गुप्ता सहित समस्त स्टाफजन उपस्थित रहा। वहीं खबर लिखे जाने तक लगभग 60 व्यक्तियों को कोरोना टीका लगाया गया। यह जानकारी मेडिकल ऑफिसर डॉ.निशांत यादव द्वारा दी गई।

## सभी को अपने अंदर क,ख,ग, यानी क- कमियां ख-खामियां, ग-गलतियां ढूंढना चाहिएः निगोतिया




**गोहद।** शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भारत की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर के उपलक्ष में आजादी अमृत महोत्सव का कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी संजीव निगोतिया रहे आजादी अमृत महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष मुख्य अतिथि संजीवनी निगोतिया एवं प्राचार्य सचेन्द्र कांकर ने दीप प्रज्ज्वलन करके किया मुख्य अतिथि निगोतिया जी ने छात्रों को प्रेरणात्मक उद्बोधन देते हुए कहा कि हमें क-कमियां ,ख-खामियां, ग-गलतियां इन तीनों पर ध्यान देना चाहिए छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए निगोतिया जी ने स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी विभिन्न प्रकार की ऐतिहासिक कहानियां भी सुनाई स्वतंत्रता सेनानियों के विभिन्न प्रकार के हस्तनिर्मित पोस्टर बनाने वाले छात्रों को सम्मानित किया कार्यक्रम का मंच संचालन हितेंद्र शर्मा ने किया कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एसएसडीसी सदस्य सुशील गांगिल, दीपक गुप्ता, अवधेश तोमर, पंचम सिंह, ज्योति सोनी,करुणा श्रीवास्तव,अरविंद राठौर ,शुभम गुप्ता, रामवीर तोमर आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण करके कार्यक्रम का समापन किया गया।



## एक नजर...




### नशे व जुएँ के लिए नहीं दिए 500 रुपये तो पति ने चाकू मारकर कर दी पत्नी की हत्या

**पेबल।** राजधानी के बाबा नगर इलाके में शुक्रवार रात उस वक़्त सनसनी फ़ैल गई, जब एक शख्स ने अपनी पत्नी को चाक़ू घोंपकर हत्या कर दी। बताया जा रहा कि आरोपी नशे व जुएँ का आदी है। उसने अपनी पत्नी से पांच सौ रुपये मांगे और जब महिला ने इंकार कर दिया तो उसने हत्या कर दी। टीआई महेंद्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया था कि, घटना बाबा नगर इलाके की है जहाँ अनीता ओसवाल नाम की महिला अपने पति नरेश व दो बच्चों के साथ रहती थी। शुक्रवार की रात पुलिस हत्या की सूचना पर जेपी अस्पताल पहुँची थी। पुलिस ने बताया कि नरेश ऑटो ड्राइवर है और उसके खिलाफ कई अपराध पहले से दर्ज हैं। साथ ही वही अपनी पत्नी को ऑटो से अस्पताल ले गया था। नरेश नें पुलिस को गुमराह करते हुए बताया कि उसके घर बाहर से दो लोग आये थे, जो कि उससे झगड़ा करने लगे। ऐसे में एक आदमी ने चाकू से हमला कर दिया और उसमें अनीता गंभीर रूप से घायल हो गई। लेकिन जब पुलिस ने जांच की तो पता चला कि नरेश के घर में कोई आया ही नहीं था। टीआई ने बताया कि, नरेश शराब और जुए का आदी है। शुक्रवार शाम आरोपी ने अनीता से जुए के लिए 500 रुपए मांगे थे। अनीता ने इनकार कर दिया, इस पर आरोपी ने उसे पीटना शुरू कर दिया। बात इतनी बढ़ गई कि नशे में उसने अनीता के सीने के पास चाकू घोंप दिया।

### श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल के शिष्य का गला रेता मिला शव, हत्या या आत्महत्या?




**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास के शिष्य की संदिग्ध परिस्तिथियों में मौत हो गई। पुलिस जांच में जुटी है। मामला अयोध्या कोतवाली के नयाघाट चौकी क्षेत्र अंतर्गत मणिरामदास छावनी का है। जहां के संत निवास में शनिवार को साधु हरिभजन दास (50) चेला महंत नृत्यगोपाल दास का गला धारदार हथियार से रेता हुआ था। साधु को पहले श्रीराम अस्पताल ले जाया गया। वहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित किया। फिलहाल यह बता पाना मुश्किल है कि यह हत्या है या आत्महत्या। यह जांच का विषय है। इस सम्बंध में क्षेत्राधिकारी अयोध्या राजेश कुमार राय ने बताया कि उन्हें सुबह मणिरामदास छावनी से सूचना मिली कि यहां के एक साधु ने धारदार हथियार से अपना गला रेत लिया है। वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल ले जाते समय साधु हरिभजन दास की मौत हो गई। वह हमेशा डिप्रेशन में रहता था। उसने सब्जी काटने वाले चाकू से अपना गला रेत लिया है। उसके कमरे में जमीन पर बहुत सारा खून और बगल में चाकू पड़ा था। इसी चाकू से उसने अपना गला रेता है। इसके अलावा कमरे में अन्य सामान अपने यथास्थान पर थे। उनसे किसी भी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं किया गया है। इससे साफ पता चलता है कि साधु ने सुसाइड किया है। उसकी लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस की छानबीन जारी है। मणिरामदास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने बताया कि मृतक साधु उनका गुरु भाई है। जो मूल रूप दरभंगा का रहने वाला था। वह छावनी में 30 वर्षों से निवास कर रहा था। उसका सोमनाथ, गुजरात में एक छोटा सा मंदिर रहा जो सड़क विस्तारीकरण में चला गया, जिसके कारण वह हमेशा डिप्रेशन में रहता था।

### सीएम ने अखिलेश यादव के परिवार को बताया महाभारत का पात्र



**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर उनके परिवार की तुलना महाभारत के पात्रों से करते हुये कहा कि महाभारत के ये वही पात्र हैं जिन्होंने महाभारत करके भारत की प्रगति को पूरी तरह बाधित किये थे, उसी तरह उन इन लोगों ने फरि से जन्म लेकर प्रदेश के विकास को बाधित किया। शनिवार को यहां लोकभवन में आयोजित एक समारोह में नव चयनित खंड शिक्षा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद मुख्यमंत्री ने दावा किया कि चार वर्ष के उनके कार्यकाल में प्रदेश के चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी मिली। योगी ने नियुक्ति पत्र पाने वालों से पूछा, क्या आपको अपने लिए किसी नेता, मंत्री या अधिकारी से सिफारिश करनी पड़ी, लेकिन यह पहले होता था, 2017 के पहले होता था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के परिवार को आड़े हाथों लेते हुये योगी ने कहा, कुछ खानदान ऐसे थे जिनको अलग-अलग भर्ती आवंटित हो जाती थी, फलाना चाचा देखेगा, फलाना भाई देखेगा, फलाना भतीजा देखेगा और यह सब होता था। काका, चाचा, नाना, मामा, पहले महाभारत में सुना होगा या 2012 से 2017 के बीच (सपा की सरकार का कार्यकाल) आपने देखा होगा। उन्होंने कहा, ये महाभारत के वही पात्र हैं, इन्होंने फिर से जन्म लिया है। ये लोग जैसे महाभारत करके भारत की प्रगति को पूरी तरह बाधित किये थे उसी तरह इन लोगों ने फिर से प्रदेश के विकास को बाधित किया। योगी ने कहा, जब 2017 में मुझे मुख्यमंत्री बनाया गया तो लोग पूछते थे कि प्रदेश कैसे चलेगा लेकिन मैंने कहा कि यह व्यापक संभावनाओं वाला प्रदेश है और यहां कोई कमी नहीं है, सिर्फ नेतृत्व की आवश्यकता है। सिस्टम वही है लेकिन अब उत्तर प्रदेश बदल गया है। उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुये कहा, एक भी जगह नियुक्तियों में गड़बड़ी की कोई शिकायत नहीं मिली। हमने स्वतंत्रता दी कि चयन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए, ईमानदारी पूर्ण होनी चाहिए और किसी तरह का भेदभाव नहीं होना चाहिए। समारोह को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉक्टर सतीश चंद्र द्विवेदी ने कहा, जब तक उत्तर प्रदेश योगी सरकार के हाथों में है तब तक आमजन को अपने बच्चों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है।

# मप्र में रीवा के साथ-साथ इन इलाकों पर बारिश के आसार

**भोपाल।** पश्चिमी विक्षोभ के साथ राजस्थान और दक्षिण पूर्वी मध्यप्रदेश में ऊपरी हवाओं में बने चक्रवात के कारण कल राज्य में अनेक स्थानों पर बारिश हुई और कई स्थानों पर चने के आकार के ओले गिरे। पश्चिमी विक्षोभ के साथ राजस्थान के पश्चिमी हिस्से के साथ दक्षिण पूर्वी मध्यप्रदेश में 11 मार्च को बने चक्रवात के कारण प्रदेश में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर हल्की बारिश हुई। राज्य के रायसेन, सागर सहित कई अन्य स्थानों पर तेज हवाओं के साथ कल ओले गिरे। इससे खलियान में रखी फसलों को नुकसान पहुंचा है।

प्रदेश के सागर जिले में दो इंच बारिश दर्ज की गई। जिले के कई इलाकों में बारिश और ओलावृष्टि से खडी और कटी फसलों को नुकसान पहुंचने के समाचार भी मिले हैं। वहीं रायसेन जिले में भी अनेक स्थानों पर तेज हवाओं के बीच बारिश और चने के आकार के ओले गिरे। इसके साथ ही गरज चमक के बीच गिरने से खेत में काम कर रही एक महिला और व्यक्ति



की मौत हो गई। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में सबसे अधिक वर्षा सागर में 44 2 मिमि दर्ज की गई। दूसरे स्थान पर भोपाल जहां 14 2 मिमि वर्षा दर्ज की गई। दतिया में 2 6 मिमि, उमरिया में 7 2 मिमि, मलाजखंड में 4 9, नरसिंहपुर में 8 0 मिमि, मंडला में 12 0 मिमि, होशंगाबाद व टीकमगढ़ में 1 0, जबलपुर में 5 0, पचमढ़ी में 3 3 मिमि, गुना में 5 6, शाजपुर में 7 0 मिमि, ग्वालियर में 1 1 मिमि, सतना में 2 2 मिमि, सीधी में 1 2 मिमि और छिंदवाड़ा व राजगढ में भी हल्की बारिश दर्ज की गई। प्रदेश में हुई बारिश के बीच राज्य के शहडोल, सागर एवं ग्वालियर संभागों के जिलों अधिकतम तापमान में गिरावट आयी है। रीवा एवं भोपाल संभाग के जिलों में काफी गिरावट आयी। न्यूनतम तापमान शहडोल, ग्वालियर संभागों के जिलों में विशेष रुप से गिरे। भोपाल मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान रीवा संभाग के जिलों के साथ ही उमरिया, जबलपुर, मंडला, सागर और दमोह जिलों में कहीं-कहीं गरज चमक के साथ बारिश होने का अनुमान है। इन स्थानों पर गरज चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना जतायी गई है। राजधानी भोपाल में कल तेज हवाओं के साथ हल्की वर्षा हुई। आज सुबह से ही मौसम साफ रहा। अगले चौबीस घंटों के दौरान आकाश की स्थिति साफ रहने का अनुमान है।

### पति की कमजोरी को लेकर पत्नी ने थाने में दर्ज कराया केस, अब पुलिस ने मांगा मेडिकल सर्टिफिकेट

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक पत्नी ने अपनी पति की शारीरिक कमजोरी को लेकर थाने में केस दर्ज कराया है। अब पुलिस ने उसके पति से मेडिकल सर्टिफिकेट मांगा है। मामला गोरखपुर के रामगढ़ताल थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार महिला ने आरोप लगाया है कि पति की शारीरिक कमजोरी की वजह से उसकी वैवाहिक जिंदगी बर्बाद हो गई। पुलिस से की शिकायत में उसने बताया है कि 13 फरवरी 2020 को उसकी शादी हुई थी। उसके मायकेवालों ने मांग के अनुसार भरपूर दहेज देकर उसकी शादी की। शादी की पहली रात को ही उसे पति की शारीरिक कमजोरी के बारे में पता चल गया था। लेकिन तब उसने सोचा कि हो सकता है कि कुछ समय बाद वह स्वस्थ हो जाएगा। यह सोचकर वह चुप थी लेकिन कुछ समय बाद पता चला कि सात साल से उसके पति का इलाज चल रहा है। उसकी बीमारी ठीक भी हो सकती है और नहीं भी। ससुराल वालों ने बीमारी छिपाकर शादी करा दी लेकिन इस वजह से उसका वैवाहिक रिश्ता कायम नहीं हो सका। उल्टे पति ने उसे इस बात को छिपाकर रखने की धमकी दी। धमकाया कि किसी को सच्चाई बताई तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। महिला के मुताबिक वह तब अपने घर चली गई। 10 महीने तक पति और ससुराल के लोग झूठा आश्वासन देते रहे कि वह ठीक हो जाएगा फिर उसे धमकाने लगे। इस बारे में पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। साक्ष्य मांगे जा रहे हैं। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



### सास ने बहू को घर से निकाला, कहा- घर में रहना है तो देने होंगे 10 हजार रुपये

**ग्वालियर।** ग्वालियर के हजीरा थाना क्षेत्र से इंसानियत को शर्मिंदा कर देने वाला एक मामला सामने आया है, जहां एक नौकरीपेशा महिला ने पुलिस में अपनी सास-ससुर और जेठ के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाते हुए कहा कि उनके सुसराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया है। साथ ही महिला ने यह भी बताया है कि उनकी दो बेटियां है, इसलिए सास का कहना है कि वह उनके परिवार को बेटा नहीं दे सकती, इसलिए वह उनके किसी काम की नहीं है। साथ ही महिला ने यह भी बताया कि सास का यह भी कहना है कि अगर उसे घर में रहना है तो हर महीने 10 हजार रुपये देना होगा। वहीं, इस मामले में हजीरा पुलिस ने महिला की सास, ससुर और जेठ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार, मामला हजीरा थाना क्षेत्र के बिरला नगर का है। जहां पीड़ित महिला सुमन, राधौगढ़ गुना में शिक्षा विभाग में सेवारत हैं। सुमन की शादी करीब आठ साल पहले सतीश के साथ हुई थी। इसके बाद उन्हें दो बेटियां हुई। बेटियों के जन्म के बाद से ही उसके सास-ससुर और जेठ उसे प्रताड़ित करने लगे। सास बार-बार ताने मारती है कि तू बेटे को जन्म नहीं दे सकती, इसलिए वह अपने बेटे की दूसरी शादी करा देंगे। इसके बाद कभी-कभी तो नौबत यहां तक आ जाती है कि ससुराली जन उसके साथ मारपीट भी करते हैं। वहीं, महिला ने बताया कि जब उसके पति उसे उन लोगों से बचाते हैं, तो सास उसे भी घर से निकल देने की धमकी देती हैं महिला ने शिकायत में आगे बताया कि उनकी सास कहती हैं कि तुम तो कमाती हो या तो बेटे को जन्म दो नहीं तो हर महीने हमें 10 हजार रुपये दो। तभी इस घर में रह पाओगी। ऐसे में कुछ दिन पहले ही ससुराल वालों ने उसके सारे गहने उतरवा लिए और उसे घर से निकाल दिया है। अब इस समय पीड़िता अपनी दोनों बेटियों के साथ मायके में रह रही है। इसी कड़ी में पीड़िता ने हजीरा थाना आकर मामले की शिकायत की। इस पर पुलिस ने सास-ससुर और जेठ पर मामला दर्ज कर लिया है।

## इंदौर में 70 दिन बाद कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 200 के पार

**इंदौर।** देश के कई हिस्सों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में फिर से कोरोना तेजी से फैल रहा है। ऐसे में सम्भावना जताई जा रही है कि जिला प्रशासन आज होने वाली क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक में नाईट कर्फ्यू पर फैसला ले सकता है। बता दें कि इंदौर में 70 दिन बाद कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 200 को पार कर गया है, जिसने सबकी चिंता बढ़ा दी है।



कोरोना संक्रमण के बारे में जानकारी देते हुए सीएमएचओ डॉ. प्रवीण जड़िया ने कहा कि जिस प्रकार से शहर में कोरोना के मरीज सामने आ रहे हैं, ऐसे में शहर के हालत चिंताजनक बने हुए हैं। इसी को देखते हुए आज शाम 5 बजे क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक बुलाई गई है जिसमें नाइट कर्फ्यू लगाने पर फैसला हो सकता है। हालांकि जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार के आयोजनों पर प्रतिबंध लगाया गया है। कोरोना के बढ़ते मामलों में सबसे चिंता का विषय है यूके स्ट्रेन का वायरस, जो कि तेजी से फैल रहा है। इसीलिए स्वास्थ्य विभाग ने ट्रेसिंग बढ़ा दी है। महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग के हेड डॉ. हेमंत जैन का कहना है कोरोना वायरस सुपर स्प्रेड की स्थिति में है। ये यदि घर में किसी एक व्यक्ति को हो जाता है तो परिवार के सदस्य भी चपेट में आ जाते हैं। ऐसे में घर में भी मास्क का उपयोग करें। साथ ही ध्यान रखें कि यदि बच्चे स्कूल और कोचिंग भी जा रहे हैं, तो वहां पर भी उन्हें शारीरिक दूरी का पालन करवाया जाए। मध्य प्रदेश में कोरोना से सबसे संक्रमित शहर इंदौर नाइट कर्फ्यू के मुहाने पर पहुंच गया है। यहां पिछले 70 दिन में कोरोना मरीजों की संख्या 200 पार पहुंची गयी है। साथ ही मार्च के 11 दिनों में 1528 कोरोना पॉजिटिव नये मरीज मिल चुके हैं। पिछले 24 घंटे में 2447 संदिग्ध मरीजों की जांच की गई, जिसमें से 219 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं।

### प्राइवेट पार्ट में मिर्च पाउडर डालकर पत्नी से हैवानियत करने वाला पति फरार, पुलिस ने की छापामारी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में एक पति ने पत्नी के प्राइवेट पार्ट में मिर्च पाउडर डालकर और अप्राकृतिक दुष्कर्म करके हैवानियत का खेल खेला। पत्नी ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज करा दी तो अब पति फरार हो गया है। उसकी तलाश में पुलिस जगह-जगह छापे मार रही है। मिली जानकारी के अनुसार 11 मार्च को गोरखपुर के सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने पति पर अप्राकृतिक दुष्?कर्म और प्राइवेट पार्ट पर मिर्च पाउडर डालने सहित कई संगीन आरोप लगाए। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि आरोपित को जल्द पकड़ लिया जाएगा। महिल के अनुसार एक मई 2014 में उसकी शादी हुई थी। 17 अक्टूबर 2015 और 5 मई 2018 में दो बेटियों ने जन्म लिया। इसके बाद पति का चचेरी बहन से अवैध सम्बंध हो गया। पति ने घरेलू हिंसा करने के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करना शुरू कर दिया। महिला ने आरोप लगाया गया कि पति ने मेरे गहने को अपने प्रेमिका को दे दिया इस दौरान मेरे ऊपर उत्पीड़न होता रहा। पीड़िता ने पति के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक सहजनवा संजय कुमार मिश्र ने कहा कि मामला संज्ञान में है। विवाहिता ने पति पर गम्भीर आरोप लगाए हैं, मामले की जांच कराकर पीड़िता की तहरीर पर उसके पति पर 498, 377, 506, वह 406 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, तथा आरोपी की तलाश जारी है, उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



महाराष्ट्र के बाद अब मध्य प्रदेश भी पाबंदियों की जद में

## भोपाल और इंदौर में लग सकता है नाइट कर्फ्यू

**भोपाल।** कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच महाराष्ट्र, पंजाब के बाद अब मध्य प्रदेश भी पाबंदियों की जद में आने वाला है। अगर कोरोना के हालात ऐसे ही बेकाबू रहे तो राजधानी भोपाल और इंदौर में कल या परसों से नाइट कर्फ्यू का ऐलान हो सकता है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोन वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए भोपाल और इंदौर में रविवार या सोमवार से नाइट कर्फ्यू लगाया जा सकता है।

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, शिवराज सिंह चौहान ने एक आधिकारिक बयान में कहा, कोरोना वायरस के संक्रमण के मामलों में वृद्धि को देखें ... इसे काबू करने के लिए पर्याप्त उपाय किए जाएंगे। रविवार और सोमवार से भोपाल और इंदौर में रात का कर्फ्यू लगाया जा सकता है। शुक्रवार की शाम राज्य में कोरोना वायरस की स्थिति पर समीक्षा बैठक के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने यह बात कही। मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र से हवाई, ट्रेन या सड़क मार्ग से राज्य में आने वाले लोगों का थर्मामीटर से स्कैन किया जाना चाहिए। बता दें कि महाराष्ट्र में कोरोना वायरस की दूसरी लहर देखने को मिल रही है। बीते दिनों दिनों से लगातार पंद्रह हजार के करीब नए केस मिल रहे हैं। बयान में कहा गया कि बैठक के दौरान महाराष्ट्र के लोगों के आगमन को प्रतिबंधित करने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। चौहान ने अधिकारियों को कोरोना वायरस गाइडलाइन और नियम सख्ती से पालन करने के भी निर्देश दिए। बता दें कि शुक्रवार को मध्य प्रदेश में 603 नए मामले मिले थे। मध्य प्रदेश में कोरोना से सबसे खराब हालत इंदौर की हुई है। इंदौर में जहां 219 नए केस सामने आए, वहीं भोपाल में शुक्रवार को 138 नए कोरोना केस देखने को मिले। इस तरह से राज्य में कोरोना के कुल मामले 45079 पहुंच चुके हैं। इंदौर में अब तक 940 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि भोपाल में 621 लोगों की।

## एटा में थाने से बेच दी 1400 पेटी शराब, एसओ सहित दो सस्पेंड

**एटा।** एक साल में कोतवाली देहात थाने में रखी 1400 पेटी शराब पुलिसवालों ने ही बेच दी। केवल आठ मुकदमों की जांच के दौरान हुई तलाशी में यह शराब कम मिली है। करीब 10 घंटे चली जांच के बाद थाना प्रभारी और हेडमुंशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा, उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। इस मामले की जांच अलीगढ़ में तैनात आईपीएस विकास कुमार को दी गई है। इस कार्रवाई से जिले भर में हड़कंप है।

डीएम डॉ. विभा चहल को सूचना मिली कि पंचायत चुनाव के लिए थाने पर जो शस्त्र जमा कराए जा रहे हैं, उनकी संख्या सही नहीं है। जो आंकड़ा बताया जा रहा है, वास्तव में उसमें काफी अंतर है। इसके सत्यापन के लिए गुरुवार की शाम एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव कुमार, एएसपी क्राइम राहुल कुमार पहुंच गए। दोनों अधिकारियों को जांच के दौरान जमा कराए गए शस्त्रों की संख्या बताई गई संख्या से 400 से कम मिली।

इसी समय पता चला कि थाने पर पकड़ी शराब भी बेच दी गई है। थाने पर अब तक बरामद हुई शराब के मुकदमों की जांच की गई। सिर्फ आठ मामलों की जांच में ही करीब 1400 पेटी शराब थाने से गायब मिली। अन्य मुकदमों की भी जांच की जा रही है। थाने पर



मौजूद कर्मचारियों से इसकी जानकारी की गई, तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद ये जानकारी उच्चाधिकारियों तक पहुंचाई गई। ये जानकारी मिलते ही ही गुरुवार की रात में ही मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी अलीगढ पीयूष मोर्डिया सहित तमाम अधिकारी थाने पर पहुंच गए। दिल्ली में दबिश देने गए थाना प्रभारी से फोन पर इस संबंध में जानकारी मांगी और उन्हें थाने पर बुलाया गया तो वो सुबह तक उपलब्ध नहीं हो सके। इस पर कोतवाली देहात के एसएसआई एनडी तिवारी की तहरीर पर मामले की एसओ इंद्रेश भदौरिया और हेड मुंशी विशाल सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। डा. विभा चहल, डीएम एटा ने बताया कि थाना कोतवाली देहात में कार्रवाई की गई है। जिले भर के लोगों को मैसेज देना है। किसी भी प्रकार का कोई गलत काम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों की टीम लगा दी गई है। सुनील कुमार सिंह, एसएसपी एटा बताते हैं कि थाना कोतवाली देहात में जांच के दौरान शराब गायब मिली है। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को सस्पेंड कर दिया गया है। अन्य थानों में भी चेकिंग कराई जाएगी। अगर कहीं पर भी कोई कमी मिली तो वहां पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

### कुरान की 26 आयतें हटाने के लिए वसीम रिजवी की याचिका पर भड़का गुस्सा

**मुरादाबाद।** शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी ने कुरान की 26 आयतों को हटाने से संबंधित एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है। इसके साथ ही रिजवी ने कुछ आयतों को आतंकवाद को बढ़ावा देने बताया है। उनका दावा है कि ये आयतें कुरान में बाद में शामिल की गई हैं। वसीम रिजवी के इस कदम से मुस्लिम समाज का गुस्?सा भड़क गया है। राहत मोलाई कोमी एकता संगठन की ओर से मुरादाबाद में आयोजित कार्यक्रम में बार के पूर्व अध्यक्ष अमीरुल हसन ने वसीम रिजवी का सिर काटककर लाने वाले को 11 लाख रुपए का इनाम देने का ऐलान किया है। इसके पहले शियाने हैदर-ए कर्रार वेलफेयर एसोसिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हसनैन जाफरी डंपी ने कुछ ऐसा ही ऐलान किया था। शुक्रवार को जारी एक वीडियो संदेश में हसनैन जाफरी डंपी ने कहा था कि वह वसीम रिजवी के कृत्य की निंदा करते हैं। उन्होंने वसीम रिजवी के बहिष्कार के लिए पूरे प्रदेश में अभियान चलाने का भी आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि शिया समाज के जो लोग वसीम रिजवी को अपने घर कार्यक्रमों में बुलाएंगे, उन लोगों का भी बहिष्कार किया जाएगा। उत्तर प्रदेश- सुप्रीम कोर्ट में कुरान की 26 आयतों को हटाने से संबंधित एक जनहित याचिका दाखिल करने वाले वसीम रिजवी का सिर कलम करने पर 11 लाख देने का ऐलान। बार के पूर्व अध्यक्ष अमीरुल हसन ने किया ऐलान। राहत मोलाई कोमी एकता संगठन की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया डंपी ने सरकार से मुस्लिम समुदाय की आस्था पर चोट पहुंचाने के आरोप में वसीम रिजवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और उन्हें तुरंत जेल भेजने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि वसीम रिजवी का काम उन्माद फैलाने वाला है। उधर, मौलाना खालिद रशीद ने भी यूपी सरकार से रिजवी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## सम्पादकीय

### सेवा में शहादत

अब जब कोविड-19 के खिलाफ टीकाकरण अभियान रफ्तार पकड़ने लगा है, और लोग उसके खौफ के साये से निकल मार्च-पूर्व की जिंदगी की तरफ लौटने लगे हैं, तब संसद से आई एक सूचना सचमुच देश के मर्म को छूने वाली है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने राज्यसभा में एक लिखित प्रश्न के जवाब में बताया है कि बीती 22 जनवरी तक कोरोना के कारण देश में 162 डॉक्टर, 107 नर्स और 44 आशा वर्कर की मृत्यु हुई है। पहली कतार के कोरोना वॉरियर्स ने अपनी जान का जोखिम उठाते हुए मुल्क और मानवता की जिस तरह सेवा की है, वह सेवाभावी लोगों के लिए हमेशा एक 'लैंपपोस्ट' का काम करेगी। देश के कुशल मानव संसाधन को पहुंचे इस नुकसान की पृष्ठभूमि में यह आसानी से समझा जा सकता है कि आखिर क्यों टीकाकरण अभियानों में दुनिया भर में इन्हें प्राथमिकता दी जा रही है। एक डॉक्टर या नर्स की मौत देश और समाज की कितनी बड़ी क्षति है, महामारी ने पूरी दुनिया को इसका एहसास कराया है। कोविड-19 ने पूरे संचार को कभी न भूलने वाली पीड़ा दी है, साथ ही कई बेशकीमती सबक भी दिए हैं। आशा की जानी चाहिए कि इन्हें बिसराया नहीं जाएगा। जिन देशों ने वायरस संक्रमण की पहली सूचना के साथ ही भरपूर संवेदनशीलता व सजगता का परिचय दिया, उनके यहां जान-माल का कम नुकसान हुआ। वहीं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का दंभ पाले विकसित देशों ने अपनी लापरवाही की भारी कीमत चुकाई है। अपने देश में भी हमने महामारी की शुरुआत में देखा कि कुछ शरारती तत्वों ने इसका संप्रदायीकरण करने की चेष्टा की, पर सामुदायिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों के सक्रिय हस्तक्षेप और सरकार की सख्ती भरी मुस्तैदी ने जल्द ही इस मनोवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण पा लिया। इसके बावजूद देश में मेडिकल टीमों को कई जगह काफी परेशानी उठानी पड़ी। हमने शुरुआती कुछ चूकें न की होतीं, तो यकीनन आज कुछ बेहतर स्थिति में होते, क्योंकि कोलंबिया यूनिवर्सिटी समेत दुनिया के कई प्रतिष्ठित संस्थानों का शोधपरक अध्ययन अब हमारे सामने है, जो बताता है कि जिन समाजों में आपसी भरोसे व संस्थाओं में विश्वास का स्तर ऊंचा रहा, वहां महामारी बहुत नुकसान नहीं पहुंचा पाई है। महामारी के आगमन के साथ ही यह तय था कि वैज्ञानिक तरक्की के जिस सोपान पर आज का मानव समाज खड़ा है, विज्ञान की मदद से वह इस पर काबू पा लेगा, और अब साल भर के भीतर ही टीकों की ईजाद व उनकी प्रभावशीलता ने उस विश्वास को ठोस आधार दे दिया है। सुखद यह है कि हमारे देश के वैज्ञानिकों ने भी अपनी प्रतिभा क्षमता का लोहा मनवाया। लेकिन हमें नहीं भूलना चाहिए कि कोविड-19 का उन्मूलन नहीं हुआ है और हमारे देश में उसका नया 'स्ट्रेन' भी पहुंच चुका है। इसलिए सरकार व विशेषज्ञों के दिशा-निर्देशों को आस्थावान नागरिक की तरह अपनाए रखने की जरूरत है। सरकार ने स्वास्थ्य ढांचे में भारी सुधार के मद्देनजर बजट में अभूतपूर्व बढ़ोतरी करके 300 से अधिक स्वास्थ्य वॉरियर्स सहित उन एक लाख, 54 हजार मृतकों को अपनी सच्ची श्रद्धांजलि दी है, जिन्हें यह महामारी हमसे छीन ले गई। अब बतौर नागरिक हमें किसी प्रकार की कोताही न बरतते हुए टीकाकरण अभियान को सफल बनाकर अपनी भूमिका निभानी है।

# ममता की चोटों के बहाने लोकतंत्र को घायल न करें

ललित गर्ग

**ममता का शरीर ही चोटिल नहीं हुआ हैं, लोकतंत्र भी घायल हुआ हैं और जहां चुनाव हो रहे हैं वहां लोकतंत्र के मूल्य भी ध्वस्त होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ममता का योगदान क्या रहा, इसमें विवाद हो सकता है पर यह निर्विवाद है कि उनका घायल होना एवं इस घटना का राजनीतिक नफा-नुकसान के लिये इस्तेमाल किया जाना भारतीय लोकतंत्र के भविष्य के लिए अशुभ संकेत है। एक अच्छा भारतीय होना भी कितना खतरे का हो गया और जिस राष्ट्र एवं समाज में यह स्थिति निचली सतह तक पहुंच जाती है, वह घोर अंधेरों का संकेत है। हम राजनीतिक स्वार्थो एवं वोट की राजनीति के आगे असहाय बन उसकी कीमत चुका रहे हैं और लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं।**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी घायल हुई, चुनावी महासंग्राम में यह घटना और इस घटना पर जिस तरह का माहौल बना, वह पूरा प्रकरण चिंताजनक है, लोकतंत्र की मर्यादाओं के प्रतिकूल है। शुरूआती रिपोर्टों के मुताबिक उनके पांव, कंधे और गर्दन में चोटें आई हैं। ममता का चोटिल होना विधानसभा चुनाव का संभवतः एक बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। विभिन्न विपक्षी दलों द्वारा ममता के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करने के बजाय इस घटना पर भी जमकर राजनीति करना दुर्भाग्यपूर्ण है। तृणमूल कांग्रेस भी अपने नेता से जुड़ी इस घटना पर सहानुभूति पाने एवं राजनीति समीकरणों को बदलने के लिये सारे प्रयत्न कर रही है, जो राजनीति गिरावट का पर्याय है। कांग्रेस के नेता आनंद शर्मा ने जरूर यह औपचारिकता निभाई, लेकिन पश्चिम बंगाल चुनावों में पार्टी की अगुआई कर रहे अधीर रंजन चैधरी ने साफ-साफ कहा कि ममता ने लोगों की सहानुभूति पाने के लिए यह पाखंड रचा है। इस तरह के प्रकरण में सबसे ज्यादा परेशान एवं चिन्तित करने वाली बात है, कि चुनावी लड़ाई को युद्ध की तरह लड़ने के आदी होते जा रहे हमारे राजनीतिक दलों में पारस्परिक शिष्टाचार, संवेदना एवं सौहार्द की शून्यता पांव पसार रही है।



दिलचस्प बात यह कि खुद ममता बनर्जी का व्यवहार भी ऐसे मामलों में कुछ खास प्रेरक एवं अनूठा नहीं रहा है। कुछ दिनों पहले पश्चिम बंगाल के ही दक्षिण 24 परगना जिले में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के काफिले पर पथराव की खबर आई थी तो ममता बनर्जी ने उसकी सत्यता पर इसी तरह सवाल उठाते हुए संदेह जताया था कि हमले की फर्जी शिकायत की जा रही है। भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सर्वथा नई परिस्थिति, विडम्बनापूर्ण स्थिति है। चुनावी लड़ाइयां तो हमेशा से होती रही हैं। इन लड़ाइयों में दांव पर सत्ता भी हमेशा लगी होती है लेकिन सिद्धान्तों एवं मूल्यों का दांव पर लगना चिन्तित करता है। आज की हमारी राजनीतिक संकीर्णता, ओछेपन और हद दर्जे की स्वार्थप्रियता लोकतंत्र की बुनियाद को खोखला करने का बड़ा कारण बन रही है।

किसी एक वर्ग के प्रति द्वेष और किसी एक के प्रति श्रेष्ठ भाव एक मानसिकता है और मानसिकता विचारधारा नहीं बन सकती/नहीं बननी चाहिए। मानसिकता की राजनीति जिस टेज्क पर चल पड़ी है, क्या वह हमें अखण्डता की ओर ले जा रही है? क्या वह हमें उस लक्ष्य की ओर ले जा रही है जो लक्ष्य हमारे राष्ट्र के उन कर्णधारों ने निर्धारित किया था, जिनका स्वतंत्रता की लड़ाई में जीवनदानी योगदान और कुर्बानियों से इतिहास स्वर्णमण्डित है। इस भटकाव का लक्ष्य क्या है? इन स्वार्थी, सत्तालोलुप राजनीति एवं अराजकता का उद्देश्य क्या है? जबकि कोई भी साध्य शुद्ध साधन के बिना प्राप्त नहीं होता। जो मानसिकता पनपी है, उसके लिए राजनैतिक दल सत्ता हथियाने के माध्यम बन चुके हैं। और सत्ता में पहुंचने का मकसद किन्हीं विशिष्ट सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक मूल्यों को स्थापित करना नहीं, अमीर बनना एवं अपने राजनीतिक स्वार्थों की रोटियां सेकना है। सौ साल पहले कुछ घोड़े और तलवारें जमा कर लेने वाले कुछ दुस्साहसी लोग भौगोलिक सीमाओं को जीतकर राजा बन जाते थे। क्या हम उसी युग की ओर तो नहीं लौट रहे हैं?

ममता को लगे घावों की निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए ताकि स्पष्ट हो सके कि क्या हुआ और कैसे हुआ। इसके साथ ही ममता बनर्जी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना प. बंगाल के चुनाव से किसी भी रूप में जुड़े हर राजनेता को बिना किसी राजनीतिक स्वार्थ के करनी चाहिए। ममता के घायल होने की खबर आते ही उनकी हालत को लेकर जानकारी हासिल करने और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता जताने के बजाय चुनाव में उन्हें सबसे ज्यादा आक्रामक होकर चुनौती दे रही पार्टी के छोटे-बड़े तमाम नेताओं ने यह संदेह जताना शुरू कर दिया कि ममता ने हमले की फर्जी कहानी रची है। इस तरह के बयान एवं ओछी राजनीति पर विराम लगना चाहिए। चुनावी हार-जीत को राजनीतिक सिद्धान्तों एवं मूल्यों से ऊपर रखने की इस प्रवृत्ति पर अगर जल्दी काबू नहीं पाया गया तो आम लोगों में दलीय तनाव बहुत बढ़ जाएगा और देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं खतरे में पड़ जाएंगी। गांव से लेकर शहर तक और पहाड़ से लेकर सागर तक की राजनीति ने सौहार्द, संवेदना और भाईचारे का संदेश देना बन्द कर दिया है। भारतीयता की सहज संवेदना को पक्षाघात क्यों हो गया? इससे पूर्व कि यह धुआं-धुआं हो, इसमें रक्त संचार करना होगा। राजनीति में संवेदनहीनता एक त्रासदी है, विडम्बना है। जबकि करुणा, सौहार्द, संवेदना के बिना लोकतंत्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पश्चिम बंगाल के चुनाव न केवल आक्रामक है बल्कि हिंसक भी हो गये हैं। मतदाताओं को डराने-धमकाने-लुभाने के साथ-साथ स्वयं प्रत्याशियों का डरा होना, लोकतंत्र के लिये एक बड़ी चुनौती हैं। एक जमाना था जब राजा-महाराजा अपनी रिसायतों के राज की सुरक्षा और विस्तार तलवार के बूते पर करते थे। लगता है लोकतंत्र के मताधिकार की ओट में हम उस हथियार/तलवार के युग में पुनः प्रवेश कर रहे हैं। प्रत्याशियों का चयन करने में भी सभी राजनैतिक दलों ने आदर्श को उठाकर अलग रख दिया था। मीडिया के सम्पादक भी चश्मा लगाए हुए हैं। चश्मा लगाएं पर कांच रंगीन न हो। लगता है सभी स्तरों पर प्रतिशोध का सिक्का क्रोध की जमीन पर गिरकर झनझना उठा है। राष्ट्रीय मुख्यधारा को दर्शाने वाले सबसे सजग मीडिया के लोग ही अगर निष्पक्ष नहीं रहेंगे तो जनता का तीसरा नेत्र कौन खोलेगा। कौन जगाएगा इसिक्स्थ सैंसइ को।

ममता सरकार अपने पूरे कार्यकाल में मुस्लिम तुष्टीकरण में लगी रही, जिसके जवाब में भाजपा हिंदू कार्ड खेल रही है। मगर यह रणनीति शायद ही फायदेमंद साबित हो क्योंकि यह तो जोड़ने नहीं, तोड़ने की राजनीति है, जबकि पश्चिम बंगाल का समाज धर्मनिरपेक्ष रहा है, जोड़ने वाला रहा है। यहां हिंदू और मुस्लिम मतदाताओं की सोच बेशक अलग-अलग है, लेकिन ये बिहार या उत्तर प्रदेश की तरह किसी खास दल से बंधे हुए नहीं हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिन 18 सीटों पर कामयाबी मिली थी, उनमें से 12 सीटें जंगल महल और नॉर्थ बंगाल से आई थीं, जहां दलितों व वंचितों की बहुतायत है। अब देश ने जाति, धर्म, वर्ग, वर्ण आधारित राजनीति को भले ही पूरी तरह नहीं नकारा हो, लेकिन ऐसी सोच विकसित होने लगी है, जो लोकतंत्र के लिये शुभ एवं श्रेयस्कर है।

कैसी हो हमारी राजनीति की मुख्यधाराएं? उन्हें तो गंगोत्री की गंगा होना चाहिए, कोलकत्ता की हुगली नहीं। निर्मल, पवित्र, पारदर्शी। गंगा भारत की यज्ञोपवीत है। लेकिन सिर्फ जनेऊ पहनने से ही व्यक्ति पवित्र नहीं हो जाता। जनेऊ की तरह कुछ मर्यादाएं राजनीति के चारों तरफ लपेटनी पड़ती हैं, तब जाकर के वे लोकतंत्र का कवच बनती है। भारतीय राजनीति की मुख्यधाराओं को बनाने व सतत प्रवाहित करने में और असंख्य लोगों को उसमें जोड़ने में अनेक महापुरुषों-राजनीतिक मनीषियों ने खून-पसीना बहाकर इतिहास लिखा है। राजनीतिक मुख्यधाराएं न तो आयात होती है, न निर्यात। और न ही इसकी परिभाषा किसी शास्त्र में लिखी हुई है। हम देश, काल, स्थिति व राष्ट्रहित को देखकर बनाते हैं, जिसमें हमारी संस्कृति, विरासत, लोकतंत्र के मूल्य एवं सिद्धान्त सांस ले सके। उसको शब्दों का नहीं, आचरण का स्वर दें। पश्चिम बंगाल के चुनावों में राजनीतिक स्वार्थ नहीं, सिद्धान्त एवं मूल्यों को बल मिले।

## कफन ए इश्क



पिछली गुस्ताखियां माफ़ हो गर,
एक और गुस्ताखी करना चाहूंगी,
रब से पहले तेरा जिक्र करना चाहूंगी,
नाम मे तेरे कुरान ए पाकीज़गी है,
तेरे नाम काही कलमा पढ़ना चाहूंगी।
पिछली गुस्ताखियां माफ़ हो गर,
एक और गुस्ताखी करना चाहूँगी,
रब से पहले तेरे दीदार करना चाहूंगी,
बच्चे सी मासूमियत है तेरी निगाहों में,
इन्हें मुहम्मद ए रसूल कहना चाहूंगी।
पिछली गुस्ताखियां माफ़ हो गर,
एक और गुस्ताखी करना चाहूंगी,
क़ब्र जानेसे पहले तेरी आग़ोश चाहूँगी,
तुमसे इश्क किया है हमने,
तेरे नाम का हि क़फ़न पहनना चाहूँगी।

**नीतू सिंह,शिक्षिका व कवयित्री**
**वाराणसी-उत्तर प्रदेश**

# चंडी पाठ और चोट के सियासी मायने

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का चोटिल होना विधानसभा चुनाव का संभवतः एक बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। स्थानीय मीडिया की मानें, तो वह गाड़ी में बैठी थीं और उनका पांव बाहर था, जिसके कारण दरवाजा बंद करते वक्त उन्हें चोट लग गई। मगर तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि चार-पांच लोगों ने उन्हें धक्का दिया है। पार्टी ने यह भी कहा है कि हादसे के वक्त ममता बनर्जी के साथ सुरक्षाकर्मियों का न होना उनके खिलाफ साजिश है। आम लोग इस तर्क से पूरी तरह सहमत नहीं दिख रहे। उनका मानना है कि प्रोटोकॉल के तहत मुख्यमंत्री के संग सुरक्षाकर्मी जरूर होंगे। हां, ममता चूंकि अपना सुरक्षा घेरा तोड़कर समर्थकों के बीच जाती रही हैं, इसलिए यह एक सामान्य दुर्घटना हो सकती है। इसी कारण, भाजपा और कांग्रेस जैसे दल भी इस घटना को 'सियासी ड्रामा' बता रहे हैं, जिसका जवाब तृणमूल कांग्रेस की तरफ से लगातार दिया जा रहा है। इस घटना के बाद नंदीग्राम का चुनावी संग्राम और ज्यादा दिलचस्प बन गया है। निस्संदेह, यहां का मुकाबला एकतरफा नहीं है। बीते दिसंबर में जब तृणमूल का साथ छोड़कर शुभेंदु अधिकारी भाजपा में शामिल हो गए थे, तब उसके तुरंत बाद ममता बनर्जी ने यहां से चुनाव लड़ने का एलान कर दिया था। बेशक कई ऐसी सीटें हैं, जहां से तृणमूल संस्थापक आसानी से जीत सकती हैं, मगर लगता है कि उन्हें यहां के 30-35 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं पर पूरा-पूरा भरोसा है। फिर जनता की इस उलझन का लाभ भी उन्हें मिल सकता है कि तृणमूल सरकार में परिवहन जैसे महत्वपूर्ण विभाग समेत तीन-तीन मंत्रालय संभालने वाले शुभेंदु अचानक से भाजपा में क्यों चले गए, जबकि उन्हें पार्टी में पर्याप्त तवज्जो मिल रही थी? लोग नारदा घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता को इस दलबदल की वजह मान रहे हैं। फिर तृणमूल कांग्रेस पूरी जी जान भी यहां लगा रही है, क्योंकि उसकी मुखिया यहां से उम्मीदवार हैं। बावजूद इसके ममता बनर्जी की राह बहुत आसान नहीं है। नंदीग्राम आंदोलन में शुभेंदु भी एक महत्वपूर्ण चेहरा थे और पूर्वी मिदनापुर उनका गृह जिला भी है, जिसके अंतर्गत यह सीट आती है। इसके अलावा, वाम मोर्चा, कांग्रेस और इंडियन सेक्यूलर फ्रंट यानी आईएसएफ का गठबंधन भी मुकाबले को मुश्किल बना रहा है। हालांकि, माना यही जा रहा है कि मुख्यमंत्री का खुद मैदान में होना, अखिल गिरी जैसे तृणमूल नेता का नंदीग्राम में प्रभाव और आईएसएफ के बजाय सीपीएम का यहां से चुनाव लड़ना ममता बनर्जी के हित में है। करिश्माई व लड़ाकू छवि और अखिल भारतीय चेहरा भी मुख्यमंत्री के पक्ष में जाता दिख रहा है।

हालांकि, इस राज्य की जमीनी सच्चाई बहुत तेजी से बदल जाती है। पिछले 20-25 दिनों के घटनाक्रम से ही वाम-कांग्रेस-आईएसएफ गठबंधन अचानक से सुर्खियों में आ गया है, जिसके कारण पूरे पश्चिम बंगाल का चुनाव त्रिकोणीय बनता दिख रहा है। दरअसल, रोजगार की मांग को लेकर 11 फरवरी को हुए मार्च में लाठीचार्ज होने से डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया का एक नेता गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी बाद में मौत हो गई। इस घटना से सीपीएम समर्थकों में लड़ने का नया जज्बा आ गया है। नौजवानों को पार्टी ने कितनी तवज्जो दी है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि करीब 60 फीसदी उम्मीदवारों की उम्र 40 वर्ष से कम है। वामपंथी युवाओं की इस ऊर्जा को कांग्रेस का साथ मिला है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 5.67 फीसदी वोट मिले थे और दो सीटें उसके खाते में आई थीं, जबकि 6.33 फीसदी वोट हासिल करने के बावजूद वाम मोर्चा एक भी सीट नहीं जीत सका था। इसकी वजह यह थी कि कांग्रेस के समर्थकों ने एकमुश्त वोट दिया था। अगर इस गणित के आधार पर विधानसभा चुनाव की गणना करें, तो करीब 25 सीटों पर कांग्रेस आगे मानी जाएगी। वाम दलों और आईएसएफ के साथ समझौता होने के बाद उसकी उम्मीदें बढ़ गई हैं। माना जा रहा है कि यदि वाम दल 15-20 सीटें जीत सके और आईएसएफ दो-तीन सीटें भी ला सका, तो इन 25 सीटों के साथ यह गठबंधन करीब 50 विधानसभा सीटों पर कब्जा कर सकता है। इसके मजबूत संकेत इसलिए भी मिलते हैं, क्योंकि 28 फरवरी को बिग्रेड मैदान में आयोजित गठबंधन की रैली में अप्रत्याशित रूप से लाखों की भीड़ जुटी थी, जो इस चुनाव में अब तक का रिकॉर्ड है। बेशक रैली में शामिल सभी लोग मतदान नहीं करते, लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में 39 फीसदी परंपरागत वाम समर्थकों ने भाजपा को वोट दिया था। अनुमान है कि यदि 10 फीसदी मतदाता भी वापस लौट आए, तो राजनीतिक समीकरण बदल जाएगा। भले ही यह गठबंधन अभी सरकार बनाने की नहीं सोच रहा होगा, लेकिन त्रिशंकु विधानसभा की सूरत में यह अपने लिए महत्वपूर्ण जगह जरूर देख रहा होगा। इस गठबंधन का 'पहचान की राजनीति' करना भी इसी रणनीति का हिस्सा है। वामपंथी पहली बार ऐसा करते दिख रहे हैं। राज्य के 28 फीसदी मुस्लिम वोटरों के साथ-साथ दलित, आदिवासी व वंचित तबकों के मतदाताओं पर उनकी नजर है। हालांकि, यहां धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति तृणमूल और भाजपा कहीं मजबूती से कर रही है। ममता सरकार अपने पूरे कार्यकाल में मुस्लिम तुष्टीकरण में लगी रही, जिसके जवाब में भाजपा 'हिंदू कार्ड' खेल रही है। मगर यह रणनीति शायद ही फायदेमंद साबित हो। ऐसा इसलिए, क्योंकि पश्चिम बंगाल का समाज धर्मनिरपेक्ष रहा है। यहां हिंदू और मुस्लिम मतदाताओं की सोच बेशक अलग-अलग है, लेकिन ये बिहार या उत्तर प्रदेश की तरह किसी खास दल से बंधे हुए नहीं हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को जिन 18 सीटों पर कामयाबी मिली थी, उनमें से 12 सीटें जंगल महल और नॉर्थ बंगाल से आई थीं, जहां दलितों व वंचितों की बहुतायत है। 'भद्रलोक' (ऊंची जाति के हिंदू) ने तृणमूल पर भरोसा किया था। अगर यही ट्रेंड विधानसभा चुनाव में भी रहा, तो ध्रुवीकरण ममता को ही फायदा पहुंचा सकता है। संभवतः इसीलिए वह चुनावी सभाओं में खुद को 'ब्राह्मण' बता रही हैं और 'चंडी पाठ' कर रही हैं।

## हार जाएगा संकट



लगता क्या है संकट तुमको, मानव
तुम से हार जाएगा ।
अपने संघर्ष पथ को क्या मानव डर
से छोड़ जाएगा ।।
संकट का आना तो बस जन्म से ही
होता शुरू ।
फिर उस संकट से बोलो तुम
घबराना कैसे करूं शुरू ।।
कदम कदम पर ठोकर लेकर जब
चाहा तुम आ धमका ।
यह मेरा जीबठता देखो हर पल
तुमसे लड़ता मिला ।।
जब चलना भी नहीं सीखा था तुम गिराने को थे तैयार ।
अब तो बस राह साथ है फिर भी तेरा ठोकर तैयार ।।
दर्द बहुत है तेरे दिए जिसका अब नहीं रखता हिसाब ।
अब भी तुमको रहम नहीं है क्यों करते हो हम पर तुम वार द्यद्य
माना तेरा अस्तित्व यही रोड़ा बनना जीवन में ।
पर एक बार को खुद सोचो तेरा क्या अस्तित्व इस जीवन में ।।
मानव बनकर हम आए हैं हमें निभाना अपना धर्म ।
देश और समाज के खातिर हमें जलाना अपना तन ।।
अगर इस जद्दोजहद में मिल जाता तुम्हारा सार्थक साथ ।
जीवन के इस उथल-पुथल में कम हो जाता अपना अवसाद ।।
लेकिन तुमने तो जिद पकड़ा है करते रहना हमें परेशान ।
संकट मुसीबत लाते रहना करते रहना हमें परेशान ।।
दो सांस अगर मैं चैन का लूं तो बोलो क्या तेरा घट जाएगा ।
अंतर्मन से बस दो मधुर शब्द ही तो निकल पाएगा ।।
तुमने ठाना आते रहना है संकट बन कर जीवन में बारंबार ।
हमने भी ठाना है मन में तुम्हें हराना बारंबार ।।
इस हार जीत के खेल में आखिर जीत तुम्हारा ही होगा ।
जीत गए जो तुम हमसे फिर जीवन का मकसद खत्म होगा ।।
फिर भी मन संकल्प लिए तुम्हें हराते रहना बारंबार ।
कभी तो हार मान कर तुम छोड़ जाओगे मेरा राह ।।

**श्री कमलेश झा**
**नगरपारा भगलपुर**

## शंकर



वो काल है विकराल है,वो काली का
महाकाल है।
वो आदि है वो अंत है वो ही तांडवी
शंकर है।
वो भोर है वो प्रहर है वो ही सायंकाल
है।
वो शब्द है वो अर्थ है उसके बिन
सब व्यर्थ है।
वो अब में है वो तब मे है वो ही तो
हर पल मे है।
वो जप है वो तप है वो ही तो कल में
है।
वो भक्ति है वो शक्ति है वो ही इस मन की तृप्ति है।
वो ही जीवन वो ही मरण वो ही सबका करता भरण।
वो गीता है वो ज्ञान है एक वो तो ही महान है।
वो निलय है वो विलय है एक वो ही तो प्रलय है।
वो आस है वो पास है वो ही मन का विशवास है।
वो ही धरती वो ही अम्बर वो ही तय पूरा ब्रम्हाण्ड है।
वो ही तंत्र मे वो ही मंत्र मे वो ही इस जग मे व्याप्त है।
शिव ही शिवा, शिवा ही शिव इसके बिना हम सब है शव।
वो अर्थ है वो पूर्ण है बिन उसके सब कुछ शून्य है।
वो इत्र है वो मित्र है वो ही तो सर्वत्र है।
वो वर्तमान वो भूतकाल वो ही भविष्यकाल है।
मुझमे कुछ न तुझमे कुछ सम सब मे महाकाल है।

**प्रियंका पवन खंताल (बावली)**
**झांसी उप्र**

# विपरीत सेक्स के प्रति आकर्षण

विपरीत सेक्स के प्रति क्यों आकर्षण होता है, पुरुष और महिला एक दूसरे के प्रति क्यों आकर्षित होते हैं? चुहो पर किए गए एक शोध से पता चला है कि हाईपोथेल्मस में मौजूद न्यरान के कारण होता है, जो विपरीत सेक्स के प्रति आकर्षण पैदा करता है। और कभी-कभी इस हार्मोन की अधिकता के कारण इन्सान बीमार भी हो सकता है। इसका कारण यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया भी होती है। तरूणाई, जनन क्षमता, आकर्षण और यौनाचार पर नियंत्रण एक अणु के द्वारा नियंत्रित होता है, जिसे किसपेप्टिन कहते हैं । किसपेप्टिन हार्मोन की वजह से स्त्री पुरुष एक -दूसरे के प्रति आकर्षित होते हैं और उन्हें सेक्स करने की इच्छा होती है। किसपेप्टिन नाम का हार्मोन इन्सान के दिमाग में पाया जाता है, एक रिसर्च से ये साबित हुआ है कि इस हार्मोन की अधिकता से इन्सान में साईकोसेक्सुअल डिसआर्डर यानि कामुकता का मनोविकार की प्राब्लम हो सकती है और जिसका इलाज कराना आवश्यक होता है। विकासवादी मनोविज्ञान जर्नल में प्रकाशित एक शोध में पता चला है कि जब बात अपने साथी की होती है तब 67त्न लोग ऐसे साथी की तलाश में होते हैं जिसका व्यक्तित्व हमारे जैसा हो और जिससे हमारे गुण मिलें। लेकिन कभी-कभी हम विपरीत गुणों की तरफ आकर्षित होते हैं। लेकिन ऐसे रिश्ते कब तक टिके कुछ कहना मुश्किल है। डेली मेल के मुताबिक, लवहनी सह-संस्थापक रिचर्ड लांगहर्स्ट ने कहा कि, पुरूषों और महिलाओं की चाहत



में फर्क होता है, पुरूषों और महिलाओं की यौनक्रीड़ा की इच्छा का समय भी अलग-अलग होता है। पुरुष दिन के समय और स्त्रियां रात के समय यौन संबंधों की इच्छुक होती हैं। महिलाएं उन पुरुषों की तरफ अधिक आकर्षित होती है जो ईमानदार और भावुक हों और उनके विचारों को समझते हों। लेकिन पुरूषों के मामले में ये कहना मुश्किल होति है कि उन्हें स्त्रियों में कौन से गुण अच्छे लगते हैं। मगर टीन-एज में बहुत से बदलाव ऐसे होते हैं जिन्हें सहज स्वीकार्य नहीं होता, बहुत से शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक बदलाव होते है, जीवन का यह समय बहुत कन्फ्यूज करने वाला होता है। टीन-एजर्स के लिए की बार ये सहज नहीं होता, ओपोज़िट सेक्स के साथ कम्यूनिकेट करने में सहजता महसूस नहीं होती। की टीन-एजर्स ओपोजिट सेक्स के प्रति रोमांटिक रिश्ते के बारे में सोचते हैं और की स्ट्रांग-फिलिंग या लगाव महसूस करते हैं। लेकिन ओपोजिट सेक्स की विभिन्न विषेशताओं को सीखने से कम्यूनिकेशन मे सुधार होता है। दृष्टिकोण खुलता है, व्यक्तित्व का विकास होता, सोशल लाइफ बढ़ती है। डा. माधुरी द्विवेदी मेहेंडले के अनुसार, नार्मल सोशल लाइफ के लिए ओपोजिट सेक्स के साथ अच्छे पारस्परिक संबंध का संचार और विकास आवश्यक है। एक दूसरे के अंतर और समानताओं को स्वीकार और सम्मान करने से अच्छा और समान रिलेशनशिप स्थापित होता है । तालमेल स्थापित करने और दोस्ती विकसित करने में सहायक होता है । किसी व्यक्ति से बात करने से पहले उसके स्वभाव को जानना जरुरी है, ओपोजिट सेक्स के साथ हेल्दी और अच्छा रिलेशनशिप बनाना चाहिए, तभी विकसित होंगे, स्वच्छ रिश्ते ।

**मौलिक एवं स्वरचित**
**प्रेम बजाज, जगाधरी ( यमुनानगर)**

दैनिक पुष्पांजली टुडे





# रणबीर कपूर को बेहद मिस कर रही हैं आलिया भटट्, हाथों में हाथ डाले हुए शेयर की फोटो

बॉलीवुड में सबसे क्यूट कपल रणबीर कपूर-आलिया भट्ट अपने प्रोफेशनल काम से कहीं ज्यादा अपने अफेयर को लेकर खबरों में रहते हैं। हालांकि इस समय यह कपल कोरोना का प्रकोप झेल रहा है। क्योंकि एक्टर रणबीर कोरोना पॉजिटिव हैं। उनका इलाज चल रहा है। वहीं आलिया भट्ट की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव है फिर भी उन्होंने खुद को क्वारंटाइन किया हुआ है। ऐसे में यह क्यूट कपल काफी दिनों से एक दूसरे से अलग है। इसी बीच आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है। जिसे लेकर ये कहा जा रहा है कि आलिया का मन रणबीर के बिना नहीं लग रहा है। वह अपने लवब्यॉय को काफी मिस कर रही हैं। हालांकि इस पोस्ट में आलिया ने किसी



का नाम नहीं लिखा है लेकिन ये कयास लगाया जा रहा है कि आलिया का ये स्पेशल पोस्ट रणबीर कपूर के लिए ही है।

सोशल मीडिया पर ये फोटो काफी बार देखा जा रहा है। आलिया-रणबीर के फैन्स इस फोटो पर खूब प्यार बरसा रहे हैं। वहीं रणबीर के जल्दी ठीक होने की कामना कर रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें कि रणबीर-आलिया को पहली बार एक साथ फिल्म ब्रह्मास्त्र में देखा जाएगा। कोरोना पॉजिटिव पाये जाने से पहले रणबीर, आलिया के संग इस फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। मौजूदा समय में रणबीर का कोरोना टेस्ट पॉजिटिव आने के चलते इस फिल्म की शूटिंग कुछ दिनों के लिए रुक गई है। हाल ही में आलिया ने इस फिल्म की शूटिंग सेट की फोटो शेयर की थीं। जिसमें वह आयान मुखर्जी और रणबीर के संग काली मंदिर में देखी गई थीं। इस फोटो को शेयर करते हुए आलिया ने ये कहा था कि फिल्म ब्रह्मास्त्र शूटिंग शुरू हो गई है।

### गंगूबाई कठियावाड़ी भी है ठप

फिल्म ब्रह्मास्त्रके के साथ ही साथ आलिया डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म गंगूबाई कठियावाड़ी की शूटिंग में बिजी थीं। लेकिन, भंसाली का भी टेस्ट कोरोना पॉजिटिव आने के बाद इस फिल्म की शूटिंग भी कुछ दिनों के लिए टाल दी गई है।



### फोटो में केवल दो हाथ

आलिया ने जो फोटो शेयर किया है, उसमें केवल दो हाथ दिख रहे हैं, जो एक दूसरे को थामें हुए हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, काफी ज्यादा मिस कर रही हूं। इसके साथ ही कैप्शन में एक्ट्रेस ने इनफिनिटी और हार्ट के इमोजी भी बनाए हैं। फोटो को देखकर सोशल मीडिया यूजर्स कर रहे हैं कि ये रणबीर और आलिया हैं जो एक-दूसरे का हाथ थामे नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस तस्वीर में दोनों का चेहरा नहीं दिख रहा है।

## बेहद खास होने वाला है श्रेया घोषाल का यह साल

बॉलीवुड में अब तक 4 नेशनल अवॉड्र्स, और 6 फिल्म फेयर अवॉर्ड अपने नाम कर चुकी सिंगर श्रेया घोषाल को हमारी तरफ से उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। आज 12 मार्च को श्रेया घोषाल अपना 37वां जन्मदिन मना रही हैं। बी-टाउन की सबसे खूबसूरत और टैलेंटेड सिंगर का यह साल बहुत ही खास होने वाला है क्योंकि श्रेया जल्द नन्हे मेहमान का स्वागत करने वाली हैं। श्रेया घोषाल मां बनने वाली हैं। इस बात की जानकारी देते हुए श्रेया ने ट्वीट किया था। अपनी ट्वीट में उन्होंने लिखा था कि बेबी श्रेयादित्य आ रहा है। शीलादित्य और मैं इस खबर को आप लोगों के साथ साझा करके रोमांचित हैं। अपनी जिंदगी के नए चैप्टर की शुरूआत के साथ आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है। अपनी मधुर आवाज हर किसी को दीवाना बना देने वाली सिंगर श्रेया घोषाल ने बॉलीवुड इंडस्ट्री को कई बेतहरीन गानें दिए हैं। श्रेया का जन्म 12 मार्च, 1984 को पश्चिम बंगाल में बेहरामपुर के मुर्शिदाबाद में हुआ था। करीब चार साल की उम्र से सिगिंग में ट्रेनिंग ले रहीं श्रेया बचपन से ही प्लेबैक सिंगर बनने के सपने देखा करती थीं। 16 साल की उम्र में वह सिगिंग रियलिटी शो सा रे गा मा पा में आईं। यहां उन्हें वो मंच मिला जिसकी उन्हें कब से तलाश थी। ना केवल उन्होंने वह शो जीता बल्कि यहां वह फिल्म मेकर संजय लीला भंसाली की नजरों में भी आ गईं।



## रूही ने ओपनिंग डे पर 3.06 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया



बहुचर्चित हॉरर कॉमेडी रूही ने पहले दिन 3.06 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म को गुरुवार को महाशिवरात्रि के त्यौहार पर रिलीज किया गया था। फिल्म में राजकुमार राव, वरुण शर्मा और जान्हवी कपूर ने अभिनय किया है। इसके निर्देशक हार्दिक मेहता हैं। कोरोना महामारी के कारण तालाबंदी के बाद रिलीज होने वाली यह बड़ी फिल्मों से एक है। जियो स्टूडियो की एसएफओ प्रियंका चौधरी ने कहा, हम बहुत खुश हैं कि पूरे भारत में दर्शक इतने प्यार और सकारात्मकता के साथ जवाब दे रहे हैं। यह फिल्म उद्योग के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है। जीयो स्टूडियो चेंजमेकर बनकर गौरवांवित महसूस कर रहा है।

## ओटीटी, सैटेलाइट राइट्स ने प्रोड्यूसर्स के जोखिम को कम कर दिया है : दिनेश विजान

बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार दिनेश विजान बदलापुर, बाला और स्त्री सहित कई फिल्मों का निर्माण किया है। वह इस बात से सहमत हैं कि डिजिटल और सैटेलाइट राइट्स के आने से किसी निमार्ता के लिए जोखिम काफी हद तक कम हो गया है। विजान कहते हैं, डिजिटल का योगदान काफी ज्यादा है, लेकिन मैं यह मानता हूं कि दर्शकों का किसी फिल्म के लिए थिएटर में जाना, फिल्म को देखना, अधिक चुनौतीपूर्ण काम है क्योंकि आपको अपने दर्शकों को थिएटर तक लाना पड़ता है ताकि वह फिल्म को देखे और इसे पसंद करे।दिनेश का मानना है कि किसी फिल्म का थिएटर में रिलीज होना ही उसकी सच्ची अवधारणा है। वह आगे कहते हैं, यह एक बहुत ही प्रतिक्रियाशील माध्यम है, लेकिन हां डिजिटल और सैटेलाइट राइट्स के आगमन से थिएटर के मुकाबले जोखिम काफी हद तक कम हुआ है। लेकिन थिएटर में किसी फिल्म के रिलीज होने की बात ही कुछ और है। यह अपने पीछे कई सारी यादें छोड़ जाती है। दिनेश की अगली फिल्म रूही है। यह फिल्म सिनेमाघरों में 11 मार्च को रिलीज हुई है।



# पतली कमरिया से अपने हुस्न का जलवा दिखाने को बेकरार हैं मौनी रॉय

टीवी शो नागिन से सभी के दिलों पर छा जाने वाली मौनी रॉय का एक बेहद शानदार म्यूजिक वीडियो आने वाला है। इस म्यूजिक वीडियो का नाम है पतली कमरिया। जिसकी पहली झलक को मौनी ने अपने सोशल अकाउंट से शेयर किया है। इस वीडियो की पहली झलक से मौनी रॉय अपने फैन्स का दिल जीतने में कामयाब हो गई हैं। फैन्स एक्ट्रेस का नया अंदाज देख बेहद खुश हैं। पतली कमरिया वीडियो में मौनी अपनी पतली कमर दिखाते हुए नजर आ रही हैं। पतली कमरिया में मौनी रॉय का अलग अंदाज देखने के लिए सभी बेकरार हैं। इस म्यूजिक वीडियो में मौनी अपने हुस्न के जलवे बिखेरती दिखेंगी। गाने में मौनी की झलक इतनी शानदार है तो पूरे गाने में मौनी अपनी डांस मूव्स



से तहलका मचा देंगी। पतली कमरिया गाने का कंपोजिशन और लिरिक्स को तनिष्क बागची ने किया है। इसे तनिष्क बागची, सुख-ई और परम्परा टंडन ने आवाज दी है। गाने को शाजिया और पीयूष ने कोरियोग्राफ किया है। दुबई में शूट किया गया यह अरविंद खेरा द्वारा निर्देशित है। यह गाना गाना 16 मार्च को यूट्यूब पर रिलीज होगा।। इस वीडियो को लेकर मौनी रॉय भी काफी एक्ससाइटेड हैं। इस बारे में उन्होंने बताया, जब मैंने पहली बार ट्रैक सुना तो मैं काफी आकर्षित हुई। भारतीय और पश्चिमी संगीत के संयोजन ने मुझे जकड़ लिया, मुझे डांसिंग बहुत पसंद है और यह गाना हर किसी को नाचने को मजबूर कर देगा। मौनी टीवी में अलग पहचान बनाने के बाद अक्षय कुमार की फिल्म गोल्ड में भी नजर आई थी।

# ऑस्कर में नामांकन की घोषणा करेंगे प्रियंका और निक



सेलिब्रिटी कपल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस इस बार ऑस्कर अवॉर्ड में नामांकनों की घोषणा करेंगे। इस उपलब्धि की जानकारी उन्होंने खुद इंस्टाग्राम के जरिए दी है। इस साल नामांकन की घोषणा ग्लोबल लाइव स्क्रीनिंग के जरिए की जाएगी। कपल ने एक वीडियो के जरिए इस बारे में बताया है। वीडियो में प्रियंका कहती हैं, हम ऑस्कर नामांकन की घोषणा कर रहे हैं और मुझे पता ही नहीं था। फिर निक कहते हैं, ओह, आपने तो पहले ही सभी को बता दिया था कि हम ऑस्कर नामांकन की घोषणा कर रहे हैं। इसके बाद प्रियंका कुछ भ्रम में दिखती हैं, फिर कहती हैं, ठीक है, वैसे यह बहुत अच्छा है कि हम ऑस्कर नामांकन की घोषणा कर रहे हैं! हमें लाइव देखिएगा! प्रियंका इस बात पर भी आश्चर्य जताती हैं कि क्या वह निक के बिना अपने दम पर ऑस्कर के नामांकन की घोषणा कर सकती हैं। इसे लेकर उन्होंने वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, अकेडमी, क्या ऐसा कोई मौका मिल सकता है, जब मैं अकेले ऑस्कर नामांकन की घोषणा कर सकूं! मैं बस मजाक कर रही हूं, लव यू निक जोनस। हम 15 मार्च को सुबह 5:19 पीडीटी पर ऑस्कर नामांकन की घोषणा करने के लिए बहुत उत्साहित हैं! इसे यूट्यूब डॉट कॉम स्लैश ऑस्कर्स पर लाइव देखें। अकादमी अवार्डस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल ने भी इस खबर को साझा किया है। अकादमी ने पोस्ट किया, ऑस्कन नामांकन के लिए कौन उत्साहित है? प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस को सोमवार सुबह 5:19 बजे पीडीटी में जॉइन करें।

## अरिजीत सिंह बने कम्पोजर

बॉलीवुड व देश के जाने-माने पाश्र्वगायक अरिजीत सिंह फिल्म पगलेट संगीतकार बनने की राह पर चल पड़े हैं।



फिल्म में सान्या मल्होत्रा मुख्य किरदार में हैं। अरिजीत कहते हैं, मेरे दिल के बहुत करीबी एक प्रोजेक्ट के साथ एक म्यूजिक कंपोजर के तौर पर मैंने अपना डेब्यू कर लिया है। मैं खुद को सम्मानित महसूस करता हूं कि मुझे दुनिया के सामने अपनी संगीत को परोसने का मौका मिला है। संध्या के आत्मविश्वास और जीत की प्रेरणादायक कहानी मेरे संगीतमय सफर से काफी मिलती-जुलती है और मैं पगलेट जैसी एक स्पेशल फिल्म के साथ जुड़कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। पगलेट संध्या (सान्या मल्होत्रा द्वारा निभाया गया किरदार) की कहानी है, जो अपने पति के निधन पर दुख जताने के लिए संघर्ष कर रही है। अपनी खुद की पहचान और जिंदगी के मकसद को तलाशने के लिए वह आत्म खोज के अपने सफर पर निकलती है। इस राह पर चलने के दौरान उसे अपने परिवार के लोगों से भी संघर्ष का सामना करना पड़ता है। उमेश बिष्ट द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म में सयानी गुप्ता, श्रुति शर्मा, आशुतोष राणा, रघुबीर यादव, शीबा चड्ढा, मेघना मलिक और राजेश तैलंग जैसे कलाकार भी हैं।पगलेट को शोभा कपूर, एकता कपूर, गुनीत मोंगा और अचिन जैन ने मिलकर प्रोड्यूस किया है।



# दोबारा मां बनने के लिए तैयार हैं अनीता हसनंदानी

अभिनेत्री अनीता हसनंदानी और अभिनेता रोहित रेड्डी के घर बीते महीने किलकारी गूंजी थी। फरवरी की शुरूआत में अनीता ने एक बेटे को जन्म दिया था। फैन्स ने दोनों की इस खास मौके पर खूब शुभकामनाएं दी थीं। वहीं कपल ने भी फैन्स को उनके प्यार के लिए धन्यवाद कहा था। लेकिन इस बीच अनीता चर्चा में हैं अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट की वजह से जहां उन्होंने लिखा है कि वो दोबारा मां बनने के लिए तैयार हैं। दरअसल अनीता ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर उनके मेटेरनिटी फोटोशूट की एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में अनीता के साथ उनके पति रोहित भी नजर आ रहे हैं। तस्वीर में अनीता बेबी बंप फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। वहीं कैप्शन में उन्होंने कुछ ऐसा लिखा है कि ये पोस्ट चर्चा में आ गया है। अनीता ने तस्वीर को शेयर करने के साथ ही कैप्शन में लिखा- मैं अपनी बैली मिस कर रही हूं। ऐसा नहीं है कि अभी मेरी बैली नहीं है, बस इतनी क्यूट नही है। ओके मैं दूसरे बेबी के लिए पहले से ही तैयार हूं रोहित रेड्डी। इसके आगे अनीत ने फनी इमोजीस के साथ लिखती हैं- रोहित रेड्डी ने अनीता हसनंदानी को अनफॉलो कर दिया। बता दें कि अनीता ने 9 फरवरी को एक बेटे को जन्म दिया था। कपल ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी थी कि उन्होंने अपने बच्चे का नाम आरव रखा है। वहीं हल ही में कपल ने आरव का फर्स्ट मंथ बर्थडे भी सेलिब्रेट किया था। इस सेलिब्रेशन की फोटोज को फैन्स ने काफी पसंद किया था। गौरतलब है कि अनीता सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अक्सर मजेदार वीडियोज भी शेयर करती रहती हैं।

# रश्मि अगडेकर ने वीडियो के जरिए बयां किया नगमा का किरदार



अभिनेत्री रश्मि अगडेकर ने हाल ही में अपना फोटो शूट करवाया था और उसी दौरान ये शार्ट फिल्म फिल्माया गई थी। इस फिल्म में रश्मि, नगमा के किरदार में नजर आ रही हैं, इस वीडियो में रश्मि एक खूबसूरत एम्ब्रॉइडेड बैंगनी कुर्ती जिसके साथ वे मैचिंग दुपट्टा और चमचमाती फ्लोरल ज्वेलरी पहनी नजर आ रही हैं। वीडियो में रश्मि नगमा नामक एक महिला की कहानी बता रही हैं, जोकि दिल्ली - लाहौर के भूले हुए पकवान, तहजीब, संस्कृति और दो अलग अलग जगहों का एक जैसा संबंध इस वीडियो के जरिये दर्शा रही हैं। दिल को छू लेने वाला संवाद लाहौर की ईद मुझे संवरती है, दिल्ली की लोहड़ी पर झूमता है लाहौर में दो जगहों की कहानी को दशार्या गया है और वे एक-दूसरे की परंपराओं को कैसे साझा करते हैं इस शार्ट फिल्म के जरिये अवन्ति देवदिकार ने दिखाया है, सनिका देवदिकार का कांसेप्ट है, और जय की आवाज ने इस कहानी को पूरी तरह परिपूर्ण कर दिया। रश्मि अगडेकर ने अपने अभिनय के दम पर अपनी जगह बनाई है। रश्मि अगडेकर ने ऑल्ट बालाजी की वेब सीरीज देव डीडी से अपना वेब डेब्यू किया था और फिल्म अंधाधुन से बॉलीवुड में डेब्यू किया है, जिसके बाद उन्होंने कभी पीछे नहीं देखा। रश्मि ने कई सीरीज में अपनी छाप छोड़ी है रसभरी, इममेचुअर, के अल्हवा उनकी हालही में रिलीज हुई देव डीडी सीजन 2 में लेस्बियन के किरदार से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया है, इसके अलावा उन्होंने कई किरदार को परदे पर बखूबी उतारा है और समीक्षकों द्वारा पसंद भी किया गया है।

गौपुत्र सेना ने सोजत उपखड़ अधिकारी महोदाय के माध्यम से

# गौमाता न्याय दिलवाने के लिए दिया ज्ञापन

गौपुत्र सेना सोजत ने सोजत उपखड़ अधिकारी महोदय माध्यम माध्यम राष्ट्रपति महोदय,प्रधानमंत्री महोदय ,राजस्थान मुख्यमंत्री ,राजस्थान पशु पालन विभाग ,मंत्री के नाम ज्ञापन दिया बताया की पाली जिले के मारवाड़ तहसील के गांव गुड़ा रामसिंह मे - 04/03/2021 को शाम 05.00 बजे स्थानीय श्री पहाड़नाथजी महाराज के द्वारा गौपुत्र सेना के पाली जिला कार्यालय को सुचना दी एक गर्भवती गौमाता को भोजन रूप विस्फोटक पदार्थ खिलाकर उनका विषफोट कर पुरा जबड़ा टुकड़े टुकड़े कर दिया गये जिससे 12 घण्टे तक श्री नाथजी महाराज की डांग के आस पास पानी के लिए तरस कर अवाला के पास भटकती रही मगर उनका मुंह बुरी तरह से बिखरा हुआ मुह था।गौपुत्र सेना के पाली जिला कार्यालय ने गोपुत्र सेना मारवाड़ को सुचना दी तब गोपुत्र सेना मारवाड़ की टीम एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची और उस गर्भवती व टूटे जबड़े वाली गौ माता को एम्बुलेंस मे डलवाकर रात जाडन गौशाला हॉस्पिटल पहुंचाया गया जहां सुबह 7.00 बजे ईलाज के दौरान उस गर्भवती गौ माता की दर्दनाक मोत हो गई। इसी क्षैत्र के आस पास पिछ्ले 04 माह मे एसी ही घटना पहले भी 02 बार हो चुकी है जिसमे गौ माताओं को विस्फोटक पदार्थ खिलाकर मोत के घाट उतार दिया।

1. **पहली घटना** - गुड़ा मोकमसिंह, क्षैत्र मारवाड़ तहसील।




2. **दुशरी घटना** - नयागांव जोजावर, मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र?।

ज्ञापन के माध्यम से महोदयजी से निवेदन है कीया तीनो घटना की पुलिस कारवाही की गई मगर अभी तक कोई भी आरोपी नही पकड़ा गया। तुरन्त आरोपीयो को पकड़कर सजा दिलवाने हैतु शिकायत पंत्र दिया गया।।

**हस्ताक्षर** - सोजत उपप्रधान कन्हैलाल औझा, पाली जिला प्रभारी दिनेश मेवाडा,पाली जिला अध्यक्ष धनराज प्रजापती ,जिला उपाध्यक्ष पदम चंद टांक ,जिला कोषाअध्यक्ष बालकीशन उणेचा ,जिला महासचिव मनोज राठौड़ ,नितेश साखला ,मारवाड़ तहसील अध्यक्ष भेराराम प्रजापत ,पाली तहसील अध्यक्ष महावीर जेन ,सोजत नगर अध्यक्ष महेद्र राठौड़ ,मुसालीया नगर अध्यक्ष प्रवीण राज दमामी , प्रार्षद जोगेश कुमार जोशी (लक्की) ,लक्षमण प्रजापती ,जयदेव मेवाडा ,निरज ओझा,चेतन सेन , बाबी राठौड़ ,अनिल खिची,तारु चोहान ,राजु बौराणा ,कानाराम बौराणा ,रांकी मेवाडा,गोरव प्रजापत ,सुशील कुमावत,विशाल शिदल ,व गौपुत्र सेना महाराणा प्रताप लोहार कोलनी ,पारश पवार ,बादल मेवाडा,श्रवण प्रजापत ,चुन्निलाल सिरणी ,प्रकाश मेगवाल ,फाउलाल ,चेतन ,सुरेश ,हिरालाल,मनीष प्रजापत , राकेश प्रजापत ,मुकेश पवार ,मनोज पवार ,दिपक कुमावत ,लक्षमण प्रजापत ,गौपुत्र सेना सोजत ,गोपुत्र सेना पाली तहसील ,गौपुत्र सेना मारवाड़ तहसील टीम सहित गौपुत्र मोजुद रहेयह जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता युवराज चौहान खामल द्वारा दि गई।

न्यूज. ब्रीफ



## शिवदयाल चौरसिया जी की 119 वीं जयंती सेवड़ा में मनाई गई

सामाजिक न्याय आंदोलन के राष्ट्रीय नायक समाजिक कार्यों के पुरोधा पूर्व राज्यसभा सदस्य केलेकर आयोग के वरिष्ठ सदस्य माननीय शिवदयाल चौरसिया जी की 119 वी जयंती चौरसिया जन जागृति संघ कार्यालय सेवड़ा में मनाई गई जिसमें वक्ताओं ने उनके द्वारा किए गए कार्यों को स्मरण किया एवं सभी ने उनके द्वारा किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया जिसमें मुख्य रूप से समाज सेबी श्यामू ठाकुर समाज सेवा टीम प्रमुख राहुल प्रकाश चंद चौरसिया रामकुमार विश्वकर्मा अध्यक्ष विश्वकर्मा समाज भारत सिंह बघेल प्रांतीय उपाध्यक्ष श्याम सोनी सनी विश्वकर्मा मातादीन जाटव हरी सिंह कुशवाह चने सोनी दीपक चौरसिया विक्की चौरसिया दीपक सोनी सुमित चौरसिया गौरव गुप्ता गोलू चौरसिया दिनेश चौरसिया रमेश चौरसिया रवि सोनी बबलू चौरसिया धर्मेंद्र प्रजापति अमित रायकवार सहित संपूर्ण समाज सेवा टीम चौरसिया समाज उपस्थित रहा कार्यक्रम का संचालन भारत बघेल प्रदेश उपाध्यक्ष बघेल महासभा एवं कार्यक्रम का आभार प्रदेश अध्यक्ष चौरसिया समाज राहुल प्रकाश चंद चौरसिया द्वारा किया गया।

ने गुरुवार को स्थानीय मीडिया को बताया, सर्दी-खांसी और बुखार आने के लक्षणों के बाद बुधवार को शाही जोड़े ने खुद को आइसोलेट कर लिया था। थोरग्रेन के हवाले से सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया, दोनों में फ्लू जैसे सामान्य लक्षण दिखाई दिए हैं, लेकिन दोनों की स्थिति ठीक बनी हुई है। इनके बच्चे प्रिंसेस एस्टेले और प्रिंस ऑस्कर ने खुद को घर पर क्वॉरंटाइन कर लिया है। एक क्राउन प्रिंसेस के तौर पर 43 वर्षीय विक्टोरिया स्वीडिश सिंहासन का उत्तराधिकारी बनने के कतार में हैं, जिस पर अभी उनके पिता किंग कार्ल सोलहवें गुस्ताफ का राज है।

## 21 मार्च को धरती के पास से गुजरेगा बड़ा उल्कापिंड

वॉशिंगटन। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 21 मार्च को धरती के पास से एक बड़े उल्कापिंड के गुजरने की जानकारी दी है। हालांकि पृथ्वी से इसके टकराने का कोई खतरा नहीं है। नासा ने गुरुवार को अपने दिए एक बयान में कहा एफओ32 नाम का यह उल्कापिंड 21 मार्च को पृथ्वी के कुछ 20 लाख किलोमीटर की दूरी पर से गुजरेगा। लाइव साइंस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह उल्कापिंड लगभग 0.8 से 1.7 किलोमीटर व्यास का है। दक्षिणी कैलिफोर्निया में स्थित नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी द्वारा प्रबंधित सेंटर फॉर नियर अर्थ ऑब्जेक्ट स्टडीज (सीएनईओएस) के निदेशक पॉल चाडोस ने कहा, 'हम सूर्य के चारों ओर 2001 एफओ32 के कक्षीय मार्ग को जानते हैं। इसकी खेज 20 साल पहले की गई थी और तभी इसके कक्षीय मार्ग के बारे में पता लगा लिया गया था। हालांकि ऐसा कोई मौका नहीं है कि यह पृथ्वी के 12.5 करोड़ मील से अधिक नजदीक आ पाएगा।' बहरहाल खगोलीय दृष्टिकोण से यह दूरी काफी नजदीक है इसलिए 2001 एफओ32 को 'संभावित रूप से खतरनाक' माना गया है। यह लगभग 124,000 प्रति घंटे की रफ्तार से गुजरेगा। इसकी गति उससे कहीं ज्यादा है जिस गति से आने वाले क्षुद्रग्रह अकसर टकराते हैं।

# बैसली डेम में पानी नहीं छोड़े जाने से सूख चुका है डेम

**गोहद।** गोहद में पानी की सप्लाई वैशाली डीएम से की बैसली डैम से की जाती थी लेकिन जल संसाधन विभाग को कई पत्र जारी करने के बाद भी बैसली डेम में पानी नहीं छोड़े जाने से डेम सूख चुका है डेम में पानी नहीं है जिसका मौका कलेक्टर महोदय द्वारा देखा जा चुका है नगरीय क्षेत्र में चार बड़ी टंकी है जिनमें से एक टंकी को इटली परियोजना से प्रतिदिन नियमित भराजाकर वार्ड क्रमांक चार पांच एवं सात के कुछ हिस्सों में पानी प्रदाय किया जा रहा है शेष 3 टंकियों में जो वेसली डैम से भरी जाती थी बेसली डैम सूख जाने से नगर पालिका द्वारा वेकल्पिक व्यवस्था के तौर पर दिनांक 25/12/2021से छोटे टेकरो से तथा 6 मार्च से तीन बड़े टेंकर (30000) लीटर के मंगाकर सम्पबेल को भरा जा रहा है साथ ही प्रतिदिन 2000 लीटर के टेकरो से नगरीय क्षेत्र में 71 छोटी 3000 लीटर की टंकियों को भरा जाकर पानी प्रदाय किया जा रहा है नगरीय क्षेत्र में एक दिन छोड़कर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है जो पूर्व की तुलना में कम है लेकिन स्थिति संतोषजनक है नगर पालिका द्वारा 25/02/21से 12/03/21 तक प्रदाय टेकरों की स्थिति अनुसार 25 फरवरी 2000लीटर 11टेकर भाड़े के24 टेकर निकाय के 26 फरवरी 17 टेंकर भाड़े से 25निकाय से ,27फरवरी 18टेंकर भाड़े 23 निकाय से ,28फरवरी 13भाडे से 22 निकाय से 1मार्च 22भाडे से 21 निकाय से ,2मार्च 38भाडे से 22निकाय से ,तीन मार्च को 42 भाड़े से 21 निकाय से,चार मार्च 35भाडे से 21 निकाय से, पांच मार्च को 38भाडे से 23निकाय से छः मार्च को 4 टेकर तीस हजार लीटर बाले 54 भाड़े से 23निकाय से ,सात मार्च 9 तीस हजार लीटर बाले 39 भाड़े से 23निकाय से ,8मार्च 14 तीस हजार लीटर बाले 33 भाड़े से 20 निकाय से,9मार्च 19 तीस हजार लीटर बाले 59भाडे से 21निकाय से,10मार्च 22 तीस हजार लीटर बाले 47भाडे से 17निकाय से,11 मार्च 8 तीस हजार लीटर बाले 27भाडे से 33 निकाय से,12 मार्च पांच तीस हजार लीटर बाले 93 भाड़े से 21 निकाय से प्रदाय किते गये इसके साथ साथ नगर पालिका के तीन बोर है जिनसे निकलने वाले पानी को भी सेम्पबैल में इकट्ठा करके टंकियों को भरा जा रहा है पानी को पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए जाने की कार्रवाई प्रचलित है जो 12 बोर अधिग्रहण हुए हैं उनमें से भी पानी के टैंकरों के माध्यम से प्राप्त किया जा रहा है तथा कुछ बोरों से पाइप के माध्यम से पानी प्राप्त करने हेतु 1200 मीटर पाइप क्रय करने का आदेश जैम के माध्यम से जारी कर दिया गया है जो एक-दो दिन में प्राप्त होने पर उसे भी शैंपबैल से जुड़ा जाकर टंकियों को भरा जाएगा इसलि लेक्टर महोदय से अनुरोध किया गया है डैम भरा जा सके और व्यवस्था शुरू सुचारू रूप से चल सके।

# गोहद नगर का पेयजल संकट कांग्रेस या बीजेपी का विषय नहीं यह हर आम जन का विषय है: हेमंत कटारे

## कांग्रेस पार्टी का जलसत्याग्रह दूसरे दिन भी जारी रहा



मोहन मांझी

**गोहद।** नगर में पेयजल संकट को लेकर कांग्रेस पार्टी के भिंड दतिया लोकसभा क्षेत्र पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी देवासी जरा रिया के निर्देशन में अनवरत अनिश्चितकालीन जल सत्याग्रह दिन और रात दूसरे दिन भी जारी रहा। सत्याग्रह में उपस्थिति दर्ज कराने के लिए कराने के लिए आज जल सत्याग्रह स्थल बैसली जलाशय पर पहुंचे। उन्होंने सत्याग्रह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहां कि गोहद नगर का संकट पेयजल संकट कांग्रेसी या बीजेपी का विषय नहीं है यह हर एक आम जन का विषय है। उन्होंने अधिकारी एवं प्रशासन के लोगों से कहा कि आप लोग इस में आकर जल्द से जल्द यहां के लोगों की समस्याओं का निराकरण करें अन्यथा इस आंदोलन को हमें और बड़े स्तर पर ले जाना पड़ेगा और जनता की आवाज को उठाने के लिए हम पीछे नहीं हटेंगे जहां जो आवश्यकता पड़ेगी हम उनके साथ कंधा मिलाकर खड़े हैं।जलसत्याग्रह में जिला पंचायत सदस्य राहुल भदोरिया ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जलसंसाधन विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी वह कर्मचारियों ने मछली माफिया से मिलकर रात के समय में बैसली डैम की मोरी खुलवाकर समय से पहले ही बांध को खाली करवाया गया। जिससे जलाशय की सारी मछलियां मर जाएं और मछली माफियाओं को करोड़ों का मुनाफा हो सके। यहां बता दें कि बैसली जलाषय खाली होने पर छोटी मछली निकलती है। जिसका इस्तेमाल दवाइयों में किया जाता है जिससे मछली माफियाओं को करोड़ों की आमदनी होती है। जल सत्याग्रह के दूसरे दिन देवाशीष जरारिया के साथ लगातार बांध में बैठने वाले शैलेंद्र सिंह गुर्जर, रमजान खान, कैलाश माहौर, राजेंद्र सिंह परिहार, अवधेश शुक्ला, अवध किशोर बंटी गुर्जर, पिंकी उचाडिया, आशुतोष शर्मा, सुभाष राठोर, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कमेटी के जबर सिंह कुशवाह, जिला सचिव बल्लू त्यागी, बृजेश सिंह मौर्य, प्रमोद शुक्ला, एडवोकेट बृजेंद्र यादव, एडवोकेट केशव सिंह गुर्जर, दीपक उर्फ बंटी शर्मा, विजय उर्फ टोनी मुदगल, विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस मेहगांव राहुल टमोले, नरेंद्र मिश्रा, बालकिशन माहौर, नवल सिंह, रामू गुप्ता, धर्मवीर सिंह, गोलू डंगस, अंकित अमन बक्स, सुभाष बंसल, विनोद गर्ग, सोनू भटनागर, असलम खान, विमल गुप्ता, बल्ला खान, जगन्नाथ प्रसाद, गजेंद्र बंसल, हरि विलास माहौर, लाखन कुशवाह, रामअवतार गुर्जर, इसलाम खान, बल्लू कुशवाह आदि लोग हैं।

# जल संकट की समस्या पर सख्त कराहल जनपद सीईओ पवार..

विनोद पाठक ब्यूरो

**शियोपुर /** जल प्रबंधन समिति गठित सहायक कलेक्टर एवं प्रभारी जनपद कराहल सीईओ नवजीवन पवार के नेतृत्व में..कराहल अंचल में व्याप्त जल संकट को देखते हुए माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा सहायक कलेक्टर नवीन पवार को जनपद की कमान सौंपी गई.. जनपद का पदभार संभालते नवजीवन बजे ने प्रमुखता से जल संकट की समस्याओं का निराकरण करने के लिए एक समिति गठित की इसी संदर्भ में उन्होंने कृषकों की एक बैठक की और उनकी समस्याओं को जमीनी स्तर पर हल करने की निर्देश संबंधित कर्मचारियों होती है एवं रिसोर्स मैपिंग के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर संबंधित कर्मचारी एवं अधिकारियों को निर्देश दिए.. पीएचई एवं पंचायत विभाग के टैंकर जहां पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है वहां पहुंचाने के लिए निर्देशित किया.. वर्तमान मैं जहां भी जल स्रोत हैं उनकी गणना करवानी है एवं जहां अधिग्रहण हो सकता है वहां पर अधिग्रहण भी करना है.. जौनसारी पंचायतों पीएचई विभाग को निर्देशित किया है कि जहां भी जल के अभाव की आशंका हो हो वहां हर पखवाड़े के हिसाब से मीटिंग रख कार्यों को मॉनिटरिंग किया जाए.. कलेक्टर साहब ने एक आदेश जारी किया है जिसके तहत जहां भी सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था में यदि किसी भी बोर की मोटर खराब है तो उसे दो दिवस के अंदर सही करा कर पुनः डलवा दिया जाए या मोटर बदलवा दी जाए यदि ऐसा नहीं होता है और शिकायत आती है तो सेक्रेटरी खिलाफ सख्त कार्यवाई की जाएगी.. भविष्य के इस पेयजल संकट को देखते हुए कलेक्टर साहब ने सख्त निर्देश दिए हैं एवं सभी विभागों में बदलाव भी किए हैं.. सहायक कलेक्टर नवजीवन भी कराहल एसडीएम रवीश श्रीवास्तव के साथ आसपास के सभी जलाशयों एवं कुओ का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर रहे हैं कलमी गांव में पहुंच कर उन्होंने सभी जल संसाधनों का मुआयना किया.. एवं पानी की कमी ना रहे इसके लिए कुछ तालाब एवं गड्ढे भी खुदाए जाएंगे।



# बाइडेन ने 19 खरब डॉलर के कोरोना वायरस राहत पैकेज पर किया हस्ताक्षर

वॉशिंगटन ■ एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 19 खरब डॉलर के कोरोना वायरस राहत पैकेज पर हस्ताक्षर कर इसे कानूनी रूप दे दिया है। देश को महामारी से उबारने के प्रयासों में नए अमेरिकी प्रशासन का यह महत्वपूर्ण विधायी कदम है। बाइडेन ने ओवेल कार्यालय में उप राष्ट्रपति कमला हैरिस की मौजूदगी में इस विधेयक पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही



राष्ट्रपति के रूप में पद ग्रहण करने के बाद इसे बाइडेन की पहली विधायी जीत माना जा रहा है। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एक दिन पहले प्रतिनिधि सभा ने 220-211 के अनुपात से उपाय को मंजूरी दी थी और गुरुवार को इस पर हस्ताक्षर किए गए। पिछले सप्ताह सीनेट ने बिल को 49 के मुकाबले 50 मतों से पास कर दिया था।

इस बीच, प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा हाल ही में जारी एक सर्वेक्षण से पता चला है कि राहत पैकेज के लिए व्यापक सार्वजनिक समर्थन हासिल है। 70 प्रतिशत अमेरिकियों ने कहा है कि वे इस कानून के पक्ष में हैं। कोलंबिया विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर और संयुक्त राष्ट्र के वरिष्ठ सलाहकार जेफ्री सैक्स ने बुधवार को सिन्हुआ न्यूज एजेंसी को बताया, कांग्रेस में अमेरिका, अमेरिकी लोगों की तुलना में अधिक ध्रुवीकृत है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी लोगों में वास्तव में एक व्यापक आम सहमति है - जिंदगी का साथ निभाने का, महामारी पर काबू पाने का। सरकार की भूमिका बढ़ती तो है, लेकिन डेमोक्रेट और रिपब्लिकन के बीच राजनीतिक विभाजन बहुत मजबूत है। बाइडेन ने 19 खरब डॉलर के जिस कोरोना वायरस राहत पैकेज पर हस्ताक्षर किया है, वह विगत एक वर्ष में अमेरिकी प्रशासन द्वारा पारित कोरोना से जुड़ा छठा विधेयक है। बहरहाल, इस नई पहल में कोविड-19 टीकाकरण और परीक्षण, अतिरिक्त बेरोजगारी लाभ, काम करने वाले अमेरिकियों को सीधे भुगतान, छोटे व्यवसाय, स्कूल, राज्य और स्थानीय सरकारों के लिए समर्थन शामिल है।

अमेरिकियों के भारी समर्थन पर इसे ऐतिहासिक कानून बताते हुए बाइडेन ने व्हाइट हाउस ओवल ऑफिस में कहा कि यह बिल इस देश की रीढ़ के पुनर्निर्माण में मदद करेगा।

## 'महाशिवरात्रि पर बाबा वैद्यनाथधाम में लगी 8 किमी लंबी भक्तों की कतार, 2.25 लाख श्रद्धालु



देवघर ■ एजेंसी

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि के अवसर पर गुरुवार को द्वादश ज्योतिर्लिंगों में सर्वश्रेष्ठ कामनालिंग बाबा वैद्यनाथ के दरबार में शिवभक्त श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। एक अनुमान के मुताबिक महाशिवरात्रि के अवसर पर लगभग 2.25 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने कामनालिंग बाबा वैद्यनाथ पर जलार्पण कर मंगलकामना की। महाशिवरात्रि पर बाबा की पूजा-अर्चना करने के लिए बुधवार आधी रात से ही श्रद्धालुओं की कतार लगनी शुरू हो गयी थी, जो आठ किलोमीटर से लंबी थी। वहीं शीघ्र दर्शनम् की अलग व्यवस्था करायी गयी थी। महाशिवरात्रि पर शीघ्र दर्शनम् कूपन लेने वाले भक्तों की संख्या बहुत अधिक होने के कारण अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।'

## हरियाणा :बुजुर्गो को 2500 रुपये प्रतिमाह मिलेगा भत्ता

**चंडीगढ़** । हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा विधानसभा में बजट पेश किया । इस दौरान उन्होंने कहा कि 2021-22 के लिए 1,55,645 करोड़ रुपये के बजट का प्रस्ताव करता हूँ जो कि संशोधित अनुमान 2020-21 के 1,37,738 करोड़ रुपये से 13फीसदी अधिक है । बजट में भाषण में सीएम ने कहा कि हमारी संस्कृति में गायों के महत्व को देखते हुए सरकार ने गऊ संवर्धन योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। मैं इसके लिए वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 50 करोड़ रुपये आवंटित करता हूँ । समाज के बुजुर्गों की समस्याओं के दृष्टिगत और उनके प्रति अपार सम्मान व्यक्त करते हुए मैं वृद्धावस्था सम्मान भत्ता इस वर्ष पहली अप्रैल से 2500 रुपये करने की घोषणा करता हूँ।

फैसला — अदालत ने चल-अचल संपति को उसकी सहेली के नाम ट्रांसफर करने के आदेश दिए

# करोड़ों की संपत्ति के लिए महिला ने लड़ी लंबी कानूनी लड़ाई फैसले से पहले हुई मौत, अब सहेली होगी उत्तराधिकारी

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

एक महिला छह साल तक अदालत में खुद को करोड़ों की संपत्ति की उत्तराधिकारी घोषित करने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ती रही, लेकिन जैसे ही फैसले का वक्त आया, बीमारी की वजह से उस महिला की मौत हो गई। अदालत ने इस मामले के तमाम तथ्यों को देखते हुए महिला की नामित सहेली को उसकी संपत्ति का उत्तराधिकारी घोषित किया है। रोहिणी स्थित अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अजय पांडे की अदालत ने इस मामले में आदेश सुनाते हुए कहा कि याचिकाकर्ता महिला के परिवार का कोई सदस्य जीवित नहीं है और महिला ने अपनी याचिका में



अपनी मुंबई में रहने वाली सहेली को नामित किया हुआ था। लिहाजा इस महिला की संपति पर अब उसकी सहेली का अधिकार है। मां, भाई और दो बहनों के हिस्से को अपने नाम कराने के लिए लगाई थी याचिका : कारोबारी परिवार से ताल्लुक रखने वाली याचिकाकर्ता महिला ने अदालत में वर्ष 2014 में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत याचिका दायर कर कहा था कि जब वह बहुत छोटी थी, तब पिता की मृत्यु हो गई। परिवार में मां, एक भाई और तीन बहनें बची थीं। मां की वर्ष 1990 में मौत हो गई। इसके बाद भाई की भी वर्ष 1995 में मौत हो गई। दो बहनों की भी वर्ष 2008 और 2012 में मृत्यु हो गई। ऐसे में इस महिला ने सारी संपत्ति अपने नाम करने का आग्रह अदालत से किया। महिला ने याचिका में बताया कि बहनों और भाई की शादी नहीं हुई थी और न ही उसने शादी की है, इसलिए संपत्ति की वह अकेली हकदार है।

**देश के अलग-अलग हिस्सों में चल-अचल संपति :** दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु समेत अन्य स्थानों पर चल-अचल संपत्ति होने के चलते अदालत को इन संपति का ब्योरा और परिवार के हालात को जानने में समय लगा। गवाहों के बयान भी दर्ज किए गए। दिसंबर 2019 में याचिकाकर्ता युवती की बीमारी की वजह से मौत हो गई। अदालत ने परिस्थितियां बदलने पर दस्तावेजों का दोबारा अध्ययन किया और पाया कि महिला ने याचिका में मुंबई में ही रहने वाली एक सहेली को नॉमिनी बनाया था।

इसी आधार पर अदालत ने चल-अचल संपत्ति को उसकी सहेली के नाम ट्रांसफर करने के आदेश दिए हैं। इस मामले में मुंबई की सम्पत्ति को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट में भी याचिका दायर की गई थी। बॉम्बे हाईकोर्ट ने वर्तमान हालात को देखते हुए दिल्ली की अदालत के अनुसार ही निर्णय दिया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि अब इस संपत्ति पर उसकी सहेली ही उत्तराधिकारी है, इसलिए संपत्ति उसके नाम ट्रांसफर कर दी जाए।




# मिताली अब 10 हजारी, बनीं पहली महिला क्रिकेटर

लखनऊ ■ एजेंसी

भारतीय महिला वनडे टीम की कप्तान मिताली राज ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे में एक और कीर्तिमान अपने नाम किया। वे इंटरनेशनल क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाली दुनिया की दूसरी और भारत की पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं। मिताली ने शुक्रवार को साउथ अफ्रीका के खिलाफ 35 रन पूरी करते ही यह रिकॉर्ड बनाया। मिताली ने अब तक करियर में 46.73 की औसत से 10,001 रन बनाए हैं। मिताली से पहले इंग्लैंड की पूर्व कप्तान चार्लेट एडवड्र्स यह रिकॉर्ड बना चुकी हैं। चार्लेट के नाम इंटरनेशनल क्रिकेट में 10,273 रन हैं।मिताली उनका रिकॉर्ड तोड़ने से सिर्फ 272 रन पीछे हैं। मिताली अब तक 212 वनडे में 50.53 की औसत से 6974 रन बना चुकी हैं। वे इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली महिला क्रिकेटर भी हैं। वहीं, 89 टी-20 मैचों में उनके नाम 2364 रन हैं। जबकि, 10 टेस्ट में मिताली ने 663 रन बनाए हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में मिताली के नाम 75 फिफ्टी और 8 सेंचुरी हैं।

### 200+ वनडे खेलने वाली अकेली महिला क्रिकेटर

मिताली के नाम दुनिया में सबसे ज्यादा 212 वनडे खेलने का रिकॉर्ड भी है। वे 200+ वनडे खेलने वाली अकेली महिला क्रिकेटर हैं। उनके बाद 100+ मैच खेलने वाली भारतीय खिलाड़ियों में झूलन गोस्वामी (183), अंजुम चोपड़ा (127), अमिता शर्मा (116) और हरमनप्रीत (100) हैं। मिताली ने 26 जून 1999 को आयरलैंड के खिलाफ वनडे से डेब्यू किया था। इस मैच में उन्होंने नाबाद 114 रन की पारी खेली थी। मिताली सबसे लंबे वक्त (21 साल 254 दिन) तक वनडे खेलने वाली दुनिया की दूसरी क्रिकेटर भी हैं। मिताली से आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर हैं, जिनका वनडे करियर 22 साल, 91 दिन का रहा है। मिताली ने श्रीलंका के सनथ जयसूर्या को पीछे छोड़ा है। जयसूर्या का वनडे करियर 21 साल, 184 दिन का रहा।

### चार्लेट ने 2017 में लिया था संन्यास

इंग्लैंड की पूर्व दिग्गज खिलाड़ी चार्लेट ने सितंबर, 2017 में क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था। वे वनडे में मिताली के बाद सेकंड हाईएस्ट रन बनाने वाली क्रिकेटर हैं। चार्लेट ने 191 वनडे में 5,992 रन, 95 टी-20 में 2,605 रन और 23 टेस्ट में 1,676 रन बनाए थे। मिताली वनडे और टी-20 में भारत की सबसे ज्यादा रन बनाने वाली महिला क्रिकेटर हैं। जबकि, टेस्ट में तीन क्रिकेटर ने उनसे ज्यादा रन बनाए हैं। इनमें संध्या अग्रवाल (1,110 रन), शांता रंगास्वामी (750 रन) और शुभांगी कुलकर्णी (700 रन) शामिल हैं।

## तीसरे वनडे में भारतीय महिला टीम हारी: डकवर्थ लुईस नियम से छह रन से जीता साउथ अफ्रीका

साउथ अफ्रीकी महिला टीम ने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए तीसरे वनडे में डकवर्थ लुईस मेथड से भारत को 6 रन से हरा दिया। इस जीत से साउथ अफ्रीकी टीम 5 मैच की सीरीज में 2-1 से आगे हो गई है। बारिश से बाधित इस मैच में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 248 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीकी टीम ने 46.3 ओवर में 4 विकेट पर 223 रन बना लिए थे, जब बारिश ने खलल डाली। इसके बाद डकवर्थ लुईस नियम से साउथ अफ्रीका को जीत मिली। टीम के लिए ओपनर लिजेल ली ने सबसे ज्यादा 132 रनों की नाबाद पारी खेली। भारतीय टीम की शुरूआत एक बार फिर खराब रही। पिछले 2 मैच में कुछ खास नहीं कर सकीं जेमिमा रोड्रिग्स इस मैच में भी शून्य पर आउट होकर पवेलियन लौट गईं। उन्हें शबनिम इस्माइल ने आउट किया। इसके बाद स्मृति मंधाना और पूनम राउत ने मिलकर पारी को संभाला।

### हरमनप्रीत ने 36 रन बनाए

पूनम भी 108 गेंदों पर 77 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके जड़े। ऑलराउंडर हरमनप्रीत कौर ने भी 46 गेंदों पर 36 रन बनाए। वहीं, दीप्ति शर्मा 49 गेंदों पर 36 रन और सुषमा वर्मा 19 गेंदों पर 14 रन बनाकर नाबाद रहीं। साउथ अफ्रीका की ओर से शबनिम ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। वहीं, मेरिजाने काप्प, तुमी सेखुखुने और एन बोश को 1-1 विकेट मिला।

### पूनम ने वनडे करियर की 15वीं फिफ्टी लगाई

दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 64 रन की पार्टनरशिप की। मंधाना 25 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, इस दौरान पूनम वनडे करियर की 15वीं फिफ्टी लगाई। उन्होंने मिताली के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 77 रन की पार्टनरशिप की। मिताली 36 रन बनाकर आउट हुईं। इस दौरान उन्होंने अपने इंटरनेशनल करियर के 10 हजार रन भी पूरे किए।

## न्यूज. ब्रीफ

### कोविड-19 मामलों में बढ़ोतरी के बाद साओ पाउलो में पेशेवर खेलों पर लगी रोक

**साओ पाउलो।** ब्राजील में कोविड-19 के बढ़ते मामलों का असर एक बार फिर से खेलों पर होने लगा है और साओ पाउलो राज्य ने पेशेवर खेलों पर 30 मार्च तक रोक लगा दी है। यह जानकारी राज्य के गवर्नर जोआओ डोरिया ने दी। इस फैसले का असर स्थानीय फुटबॉल चैम्पियनशिप पर भी पडेगा जो 2 सप्ताह पहले ही शुरू हुई थी। डोरिया ने कहा कि स्वास्थ्य प्रणाली को चरमराने से बचाने के लिए लोगों को बड़ी संख्या में जमा होने से रोकना होगा। राज्य में कोविड-19 के मामले तेजी से बढ़े है और अस्पतालों के आईसीयू (गहन चिकित्सा कक्ष) में सिर्फ 13 प्रतिशत बिस्तर ही खाली हैं। डोरिया ने कहा कि इस फैसले का असर साओ पाउलो में खेले जाने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं जैसे की कोपा लिब्रटाडोरेस पर नहीं पड़ेगा। साओ पाउलो के क्लब इस फैसले पर विचार करने के लिए मुलाकात करने वाले है जिसमें इन मैचों को किसी दूसरे राज्य में कराने पर चर्चा होगी।

### बैडमिंटन : यूएस ओपन और कनाडा ओपन कोविड-19 के कारण रद्द

**नई दिल्ली।** विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने शुक्रवार को घोषणा की कि कोविड-19 महामारी के कारण विश्व भर में प्रतिबंधों और जटिलताओं को देखते हुए इस साल यूएस ओपन और कनाडा ओपन का आयोजन नहीं किया जाएगा। यूएस ओपन सुपर 300 टूनार्मेंट है जो बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर का हिस्सा है। इसका आयोजन छह से 11 जुलाई के बीच होना था। कनाडा ओपन सुपर 100 टूनार्मेंट है और यह 29 जून से चार जुलाई के बीच खेला जाना था। बीडब्ल्यूएफ ने बयान में कहा, ह्यकोविड-19 के कारण मौजूदा प्रतिबंधों और जटिलताओं को देखते हुए स्थानीय आयोजकों के पास इन टूनार्मेंट को रद्द करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।' इसमें कहा गया है, ह्यबैडमिंटन अमेरिका और बैडमिंटन कनाडा ने बीडब्ल्यूएफ के साथ सलाह मशविरे और समझौते के बाद यह फैसला किया।'

### हॉकी प्रो लीग में अप्रैल में होगा भारत-अर्जेंटीना मुकाबला

**लुसाने ।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत और अर्जेंटीना का मुकाबला अप्रैल के में होगा जबकि अप्रैल के अन्य मैचों को स्थगित कर दिया गया हैं। अंतररष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि अर्जेंटीना-जर्मनी (पुरुष और महिला) तथा अर्जेंटीना-भारत (पुरुष ) के प्रो लीग मुकाबले क्रमश:3-4 और 10-11 अप्रैल को अर्जेंटीना में खेले जाएंगे। पुरुष लीग में भारत विश्व रैंकिंग में पांचवें और अर्जेंटीना छठे तथा जर्मनी चौथे स्थान पर है। भारत और जर्मनी ने अब तक छह मुकाबले खेले हैं जबकि अर्जेंटीना ने आठ मुकाबले खेले हैं। भारत ने हाल में यूरोप का दौरा किया था और चार मैचों के इस दौरे में अपराजित रहा था। उसने इस दौरान जर्मनी को 6-1 से भी हराया था। एफआईएच ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण अप्रैल महीने के अन्य मैच स्थगित कर दिए गए हैं।

### पाकिस्तान क्रिकेट टीम में ढाई साल के बैन के बाद शर्जील खान की हुई वापसी

**कराची।** दक्षिण अफ्रीका-जिम्बाब्वे दौरे के लिए पाकिस्तान की टीम का ऐलान कर दिया गया है। शर्जील खान की टीम में ढाई साल के बैन के बाद वापसी हुई है। उन्हें पीएसएल में शानदार प्रदर्शन के लिए टी-20 टीम में शामिल किया गया है। अगले महीने से पाकिस्तान का दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे का दौरा शुरू होगा। शर्जील पीएसएस के इस सीजन में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उनसे आगे मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम से थे, लेकिन शर्जील ने 170.94 की शानदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए। कराची किंग्स के लिए खेलते हुए शर्जील खान इस सीजन में शतक बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। साल 2017 मे शर्जील खान को पीएसएल में स्पॉट फिक्सिंग घोटाले में दोषी करार देते हुए ढाई साल का बैन लगा दिया गया था। हालांकि उनकी फिटनेस को लेकर सवाल हैं।

|टीम इंडिया की 12 टी-20 के बाद घर में पहली शिकस्त|

# भारत की इस साल टी-20 में पहली हार, इंग्लैंड ने 8 विकेट से दी मात

अहमदाबाद ■ एजेंसी

टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टी-20 की सीरीज का पहला मैच 8 विकेट से गंवा दिया। भारतीय टीम का इस साल का यह पहला टी-20 था, जिसमें हार से शुरूआत हुई। ओवरऑल भारतीय टीम 12 टी-20 के बाद घर में पहली बार हारी है। इससे पहले 8 दिसंबर 2019 को वेस्टइंडीज ने हराया था। तब इंडिया को तिरुवनंतपुरम में खेले गए टी-20 में 8 विकेट से हार मिली थी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए टी-20 में टीम इंडिया ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट गंवाकर 124 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड टीम ने 15.3 ओवर में 2 विकेट गंवाकर 130 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। 125 रन के टारगेट के जवाब में इंग्लैंड के ओपनर जेसन रॉय ने 32 बॉल पर 49 रन की पारी खेली। ओपनर जोस बटलर ने 24 बॉल पर 28 रन बनाए। टीम इंडिया के स्पिनर युजवेंद्र चहल और वॉशिंगटन सुंदर को 1-1 विकेट मिला। इंग्लैंड टीम की शुरूआत काफी तेज रही थी। टीम ने पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 50 रन बना लिए थे। इसके बाद टीम को 72 रन पर पहला झटका लगा। स्पिनर युजवेंद्र चहल ने जोस बटलर को छइह किया। बटलर ने 28 रन बनाए और जेसन रॉय के साथ 72 रन की ओपनिंग पार्टरनशिप की। 89 रन पर इंग्लैंड को दूसरा झटका लगा। जेसन रॉय 49 रन बनाकर वॉशिंगटन सुंदर की बॉल पर आउट हुए। आखिर में जॉनी बेयरस्टो 26 और डेविड मलान 24 रन बनाकर नाबाद रहे।



### सुंदर और बेयरस्टो के बीच कहासुनी

14वें ओवर की आखिरी बॉल पर वॉशिंगटन सुंदर और बेयरस्टो के बीच कहासुनी हुई। सुंदर की बॉल पर मलान ने सीधा शॉट खेला था। इसे सुंदर ने कैच लेने की कोशिश की, लेकिन बॉल नॉनस्ट्राइक पर खड़े बेयरस्टो के हेलमेट पर लगी। सुंदर को लगा की बेयरस्टो जानबूझकर सामने आए, जबकि अंपायर को ऐसा नहीं लगा। अंपायर ने दोनों को शांत कराया।

### कोहली खाता भी नहीं खोल सके

मैच में टॉप-3 भारतीय बल्लेबाजों ने मिलकर सिर्फ 5 रन ही बनाए। ओपनर लोकेश राहुल 4 बॉल पर 1 और शिखर धवन 12 बॉल पर 4 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान विराट कोहली तो खाता भी नहीं खोल सके। कोहली टी-20 इंटरनेशनल में तीसरी बार जीरो पर आउट हुए। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2017 में गुवाहाटी में और आयरलैंड के खिलाफ 2018 में डब्लिन में 0 पर आउट हुए थे।

### भारतीय टीम का पावरप्ले में दूसरा सबसे छोटा स्कोर

पावरप्ले (1-6 ओवर) में टीम इंडिया की शुरूआत बेहद खराब रही थी। टीम ने 22 रन पर 3 बड़े विकेट गंवाए। भारतीय टीम का पावरप्ले में यह अपना दूसरा सबसे छोटा स्कोर रहा। इससे पहले टीम ने 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ ढाका में 3 विकेट गंवाकर 21 रन बनाए थे। इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने मैच का पहला ओवर स्पिनर आदिल राशिद से कराया, जिसमें 2 रन आए। अगले ओवर में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने राहुल को क्लीन बोल्ड कर दिया। अपने दूसरे और मैच के तीसरे ओवर में राशिद ने कोहली को कैच आउट कराया। 20 रन पर भारत को तीसरा झटका लगा। मार्क वुड ने धवन को क्लीन बोल्ड किया। 48 रन के स्कोर पर ऋषभ पंत के रूप में भारत ने चौथा विकेट गंवाया। पंत 23 बॉल पर 21 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने जॉनी बेयस्टो के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद अय्यर ने हार्दिक पंड्या के साथ 5वें विकेट के लिए 54 रन की पार्टनरशिप भी की। यहां हार्दिक 19 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोफ्रा आर्चर ने कैच आउट कराया। आर्चर ने अगली ही बॉल पर शार्दूल ठाकुर को भी शून्य पर पवेलियन भेजा। भुवनेश्वर कुमार की डेढ़ साल बाद टीम में वापसी हुई। उन्होंने आखिरी मैच दिसंबर, 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वानखेडे स्टेडियम में खेला था। हालांकि, इसके बाद वे वह्नछ के 13वें सीजन में खेले थे। पर कुछ मैच बाद चोट की वजह से पूरी सीजन से बाहर हो गए थे।



### अय्यर की तीसरी फिफ्टी

टीम इंडिया के श्रेयस अय्यर ने टी-20 में अपनी तीसरी फिफ्टी लगाई। उन्होंने 48 बॉल पर 67 रन की पारी खेली। उनके अलावा ऋषभ पंत ने 23 बॉल पर 21 और हार्दिक पंड्या ने 21 बॉल पर 19 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 23 रन देकर 3 विकेट लिए। आदिल राशिद, मार्क वुड, क्रिस जॉर्डन और बेन स्टोक्स को 1-1 विकेट मिला।

## अकादमी के 18 खिलाड़ी करेंगे रूद्रपुर में चमकाएंगे तलवार

■ रवाना होने से पहले खेल संचालक से की मुलाकात

लोकदेश संवाददाता ■ भोपाल

उत्तराखण्ड के रूद्रपुर में 15 से 21 मार्च तक आयोजित जूनियर एवं सीनियर नेशनल फेंसिंग चैम्पियनशिप में मप्र के कुल 31 खिलाड़ी प्रतिभा प्रदर्शन करेंगे। इनमें म.प्र. राज्य फेंसिंग अकादमी के 18 खिलाड़ी शामिल हैं। चैम्पियनशिप के लिए रवाना होने से पूर्व खिलाड़ियों ने आज टी. टी. नगर स्टेडियम में संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन से भेंट की। खेल संचालक न ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और चैम्पियनशिप के लिए की गई तैयारी के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक जानकारी हासिल की। उन्होंने चैम्पियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। खेल संचालक ने फेंसिंग अकादमी के प्रशिक्षक विजय कुमार से भी चर्चा कर खिलाड़ियों के परफारमेंस की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर संयुक्त संचालक बी.एस. यादव भी उपस्थित थे।



फेंसिंग कोच विजय कुमार ने बताया कि रूद्रपुर में 15 से 17 मार्च तक 28वीं जूनियर नेशनल फेंसिंग चैम्पियनशिप तथा 19 से 21 मार्च, 2021 तक 31वीं सीनियर नेशनल फेंसिंग चैम्पियनशिप आयोजित की जा रही है। चैम्पियनशिप में मध्य प्रदेश के कुल 31 खिलाड़ी भागीदारी कर रहे है, इनमें मध्य प्रदेश राज्य फेंसिंग अकादमी के 10 बोर्डिंग और 8 डे-बोर्डिंग खिलाड़ी नेशनल फेंसिंग चैम्पियनशिप में प्रतिभा प्रदर्शन करेंगे। अकादमी के खिलाड़ियों में सौरभ मिश्रा, हर्षल भक्ते, अंकुर जैन, भाव्या सिंह, सत्यम भटेले, लक्ष्य श्रीवास, सुशील, अमित गुसाई, अंजली भत्रे, प्रज्ञा सिंह, पूजा दांगी, अंजू राजा, पूर्णा सिंह, रक्षा राजा, सृष्टि सेन गुप्ता, अरूणिमा श्रीवास्तव, निशा तायडे. और संकेत शर्मा शामिल हैं।

## विजेंदर 19 को रिंग में वापसी करेंगों रूस के खिलाड़ी से होगा मुकाबला

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारत के पेशेवर मुक्केबाजी स्टार विजेंदर सिंह कोविड-19 के कारण एक साल से अधिक समय तक रिंग से दूर रहने के बाद 19 मार्च को रूस के अर्तयश लोपसन के खिलाफ मुकाबले से वापसी करेंगे। विजेंदर और लोपसन के बीच सुपर मिडिल-वेट (76 किग्रा भारवर्ग) का मुकाबला गोवा के पणजी में मैजेस्टिक प्राइड कसिनो जहाज की छत (रूफटॉप डेक) पर खेला जाएगा। लोपसन के नाम की घोषणा शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में की गई। विजेंदर ने मुकाबले की तैयारी राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता एमेच्योर मुक्केबाज जय भगवान के साथ अभ्यास कर की है। उन्होंने कहा, ह्ययह आसान साल नहीं था और और शरीर को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा। लेकिन पिछले दो महीने मेरे लिए अच्छे रहे। जय भगवान ने गुरूग्राम में अभ्यास के दौरान मेरी मदद की।' उन्होंने कहा, ह्यइस दौरान मैं ली बीयर्ड (उनके ब्रिटिश प्रशिक्षक) से ऑनलाइन तरीके से संपर्क में था और उनसे भी मदद मिली।' रूस के 26 साल के लोपसन ने छह पेशेवर मुकाबलो में भाग लिया है जिसमें से दो नॉकआउट सहित चार जीत शामिल है। उन्होंने दिसंबर 2020 में अपने पिछले मुकाबले में युसुफ मागोमेदवेकोव के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर जीत दर्ज की थी। विजेंदर ने पेशेवर करियर में 12 मुकाबले खेले है और सभी में जीत दर्ज की है। उन्होंने आठ मुकाबले नॉकआउट तरीके से अपने नाम किया है। बीजिंग ओलंपिक (2008) के इस कांस्य पदक विजेता ने नवंबर 2019 में खेले अपने पिछले मुकाबले में राष्ट्रमंडल के पूर्व चैम्पियन चार्ल्स एडामू को दुबई में हराया था।




## भोपाल में पीआरसीआई और वाईसीसी की एग्जीक्यूटिव बॉडी की स्थापना

लोकदेश संवाददाता ■ भोपाल

भोपाल चैप्टर ऑफ पीआरसीआई ने राजधानी में एक नई एग्जीक्यूटिव बॉडी की स्थापना की है। इस पीआरसीआई और वाईसीसी की एग्जीक्यूटिव बॉडी में आशीष बिल्लौर को अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि वाइस चेयरमैन के रूप में सुश्री पारूल लाजरस, उपाध्यक्ष निर्विकार यादव, महासचिव अमन शर्मा, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र ओझा, संयुक्त सचिव राजन मेहता और सदस्य अपूर्वा सरकार को बटठाया गया है। ऑनलाइन समारोह में पब्लिक रिलेशंस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) और यंग कम्यूनिकेटर्स क्लब (वायसीसी) ने इस एग्जीक्यूटिव बॉडी की औपचारिक स्थापना की घोषणा की। गौरतलब है कि 2004 में स्थापित, पीआरसीआई संचार पेशे के पाठ्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए व्यावसायिक विकास और नेटवर्किंग के माध्यम से समृद्ध करने का प्रयास करता है। इसकी पूरे भारत में 35 बॉडी हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ एमबी जयराम ने किया। इस कार्यक्रम में सीजे सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यकारिणी, सुश्री चिन्मयी प्रवीण, महेंद्र जोशी नितिन शर्मा, डॉ. टी विनय कुमार, प्रशांत पथराव शामिल हुए।




**शेयर बाजार** बीएसई का सेंसेक्स 50,792.08 औरनिफ्टी 15,030.95 के स्तर पर हुआ बंद

## सेंसेक्स 487 और निफ्टी में 143 अंकों की गिरावट

मुंबई ■ एजेंसी

वित्तीय और आईटी कंपनियों के शेयरों में बढ़त तथा सकारात्मक वैश्विक संकेतों से शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 500 से अधिक अंक चढ़ गया लेकिन कारोबार के अंत में शेयर बाजार में गिरावट आ गई। बीएसई का सेंसेक्स 487.43 यानी 0.95% फीसदी की लुढ़ककर 50,792.08 और निफ्टी 143.85 अंक गिरकर 15,030.95 के स्तर पर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सुबह 503.28 अंक या 0.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,782.79 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 144.35 अंक की बढ़त के साथ 15,319.15 अंक पर कारोबार करता दिखा। सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड का शेयर सबसे दो प्रतिशत से अधिक की तेजी के बाद बंद हुआ। सेंसेक्स में पावरग्रिड के अलावा ओएनजीसी, टाइटन और इंफोसिस हरे निशान पर बंद हुए। बाकी



सभी शेयर लाल निशान पर बंद हुए। एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, एसबीआई, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज ऑटो, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर और मारुति के शेयर नुकसान पर बंद हुए। कल महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को घरेलू बाजार बंद रहे। इस उपलक्ष्य में प्रमुख घरेलू शेयर बाजारों बीएसई, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और अंतरबैंकिंग मुद्रा विनिमय बाजार में कोई कारोबार नहीं हुआ। गौरतलब है कि पिछले तीन दिनों में कुल मिलाकर सेंसेक्स में 874.19 अंक यानी 1.73 प्रतिशत की तेजी आ चुकी है, जबकि निफ्टी 276.70 यानी 1.85 प्रतिशत मजबूत हुआ है।

बता दें शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स तथा एनएसई निफ्टी दोनों सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। वैश्विक स्तर पर सकारात्मक रुख के बीच दवा, आईटी और वाहन कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार में मजबूती आयी। सेंसेक्स 254.03 अंक यानी 0.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,279.51 अंक पर बंद हुआ वहीं निफ्टी 76.40 अंक यानी 0.51 प्रतिशत मजबूत होकर 15,174.80 अंक पर।



## संभागीय कमिश्नर एवं कलेक्टर सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने लगवाया कोरोना वैक्सीन का दूसरा डोज



### आम जन से की अपील भारतीय वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित, बारी आने पर जरूर लगवाएँ टीका

**ग्वालियर।** वैश्विक महामारी कोरोना के उन्मूलन के लिये ग्वालियर जिले में भी कोरोना टीकाकरण का काम जारी है। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना एवं कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को कोरोना वैक्सीन का दूसरा टीका लगवाया। साथ ही आम जनता को संदेश दिया कि भारत में निर्मित कोरोना वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और कारगर है। इसलिये बारी आने पर सभी लोग बेझिझक कोरोना का टीका लगवाएँ और देश को कोरोना मुक्त बनाने में सहभागी बनें। संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना एवं कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जेएएच परिसर स्थित कोरोना वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुँचकर कोरोना वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाया। साथ ही नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती जयति सिंह, अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह व एसडीएम ग्वालियर सिटी श्री प्रदीप सिंह तोमर सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने कोरोना वैक्सीन का दूसरा डोज लगवाया।

### नगर निगम सीमा में आने वाले सभी औद्योगिक क्षेत्रों से

# कचरा संग्रहण करेंगी निगम की गाड़ियां: वर्मा

### दीनदयाल रसोई के लिए चेम्बर ने सामाजिक सेवा प्रकल्प मद से दिये 11 हजार, ग्वालियर जिले में स्थापित उद्योगों की समस्याओं एवं निवेश की नवीन संभावनाओं पर चेम्बर में परिचर्चा आयोजित

**ग्वालियर।** म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) द्वारा आज औद्योगिक समस्याएं एवं नवीन औद्योगिक संभावनाओं पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर महोदय के प्रतिनिधि के तौर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी-श्री किशोर कान्याल, आयुक्त नगर निगम-श्री शिवम वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-श्री सत्येन्द्र सिंह तोमर, अपर आयुक्त नगर निगम-श्री नरोत्तम भार्गव, क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड-श्री एन.पी. सिंह सहित काफी संख्या में उद्योगपति उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत एमपीसीसीआई के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। अध्यक्ष-विजय गोयल द्वारा स्वागत उद्बोधन में सभी का हृदय से स्वागत करते हुए कहा कि पिछले वर्ष हम सभी कोरोना से पीड़ित रहे हैं, फिर से यह रफ्तार पकड़ रहा है, इसलिए हम सभी कोरोना की गाइडलाइन का पालन करें और सभी उद्योगपतियों से भी अपील है कि वह भी अपने संस्थान में कोरोना की गाइडलाइन का सख्ती से पालन करायें। उद्योगपतियों की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला प्रशासन के साथ आज हमारी प्रथम बैठक है। प्रतिमाह इस बैठक की परंपरा बनी रहेगी, ऐसी मैं कामना करता हूं।

संयुक्त संचालक उद्योग विभाग-श्री निरंजन श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज की बैठक में जो समस्याएं आयेंगी उन्हें नोट कर, उनका उचित निराकरण हम आपको अगली माह की बैठक तक दे सकें, ऐसा हमारा प्रयास होगा, ताकि आपका विश्वास शासन पर बना रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-श्री सत्येन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रशासन के साथ उद्योगपतियों की हर माह बैठक होना अच्छी शुरूआत है। हर माह बैठक होगी तो समस्याओं का निराकरण शीघ्रता से होगा। पुलिस प्रशासन आपके सहयोग के लिए संकल्पित है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी-श्री किशोर कान्याल ने कहा कि ग्वालियर में इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट की बहुत संभावनायें हैं। ग्वालियर अब देश के प्रमुख शहरों से एयर कनेक्टिविटी से जुड़ गया है और यह निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए बहुत आवश्यक है। यहां पर उद्योगों के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। कानून-व्यवस्था की स्थिति अच्छी है। आने वाले समय में ग्वालियर में इण्डस्ट्रियल ग्रोथ तेजी से होगी। आयुक्त नगर निगम ग्वालियर-श्री शिवम वर्मा ने कहा कि शहर को स्वच्छता में हम सभी को मिलकर नंबर बनाना है। आपने कहा कि नगर निगम सीमा में स्थापित सभी



औद्योगिक क्षेत्रों में कचरा संग्रहण के लिए निगम की गाड़ियां जाएंगी। चेम्बर में संपत्ति कर शिविर लगाने तथा औद्योगिक इकाईयों के संपत्ति कर से संबंधित प्रकरणों का भी निराकरण शिविर में कराए जाने पर आपने सहमति प्रदान की। वहीं आपने औद्योगिक क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट व अन्य कार्यों के लिए जिला व्यापार उद्योग केन्द्र व नगर निगम मिलकर सहमति बनाकर जिम्मेदारी तय कर, कार्य करेंगे, ऐसा आश्वासन दिया। आपके द्वारा दीनदयाल रसोई योजना के लिए सहयोग का आव्हान करने पर एमपीसीसीआई द्वारा सामाजिक सेवा प्रकल्प मद से 11 हजार रूपये सहयोग राशि देने की घोषणा अध्यक्ष-विजय गोयल द्वारा बैठक में की गई। एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल ने कहा कि ग्वालियर नगर निगम सीमा में कई इण्डस्ट्रियल एरिया आते हैं, परंतु वहां अब तक सुविधायें नहीं पहुंच सकी हैं। सफाई व स्ट्रीट लाइट की समस्या बनी रहती है, वहीं गिरवाई व शंकरपुर जैसे स्वमोटो इण्डस्ट्रियल एरिया पर भी इन सुविधाओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए। मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि विद्युत शिविर की तर्ज पर उद्योगों की समस्याओं पर मासिक बैठक प्रतिमाह चेम्बर में होगी। वहीं प्रत्येक इण्डस्ट्रियल एरिया में आवश्यकतानुसार साप्ताहिक बैठक भी जिला प्रशासन के साथ कराई जाएंगी। महाराजपुरा इण्डस्ट्रियल एरिया के अध्यक्ष-संजय कपूर ने कहा कि लोडिंग-अनलोडिंग के लिए जिला प्रशासन द्वारा दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक वाहनों को आवागमन की अनुमति प्रदान की थी, जिसे पुलिस द्वारा मान्य नहीं किये जाने से परेशानी हो रही है। वहीं महाराजपुरा इण्डस्ट्रियल एरिया के प्रवेश द्वार पर खण्डों की ट्रॉलियां खड़ी होने से यातायात प्रभावित होता है, इसलिए इन्हें उचित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए ताकि यातायात बाधित न हो और इण्डस्ट्रियल एरिया में स्थापित इकाईयों को होने वाली परेशानी दूर हो सके।वहीं महाराजपुरा इण्डस्ट्रियल एरिया में सफाई कार्य कराने की बात कही। ग्वालियर इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के सचिव-श्री जगदीश मित्तल ने कहा कि इण्डस्ट्रियल एरिया में तीन प्रवेश द्वारा थे जबकि वर्तमान में केवल एक ही प्रवेश द्वार रह गया है, शेष दो अतिक्रमण के चलते बंद हो गये हैं। अतिक्रमण को हटाया जाए और प्रवेश द्वार खोले जायें। निगम आयुक्त महोदय ने इस पर कार्यवाही करने की बात कही। बाराघाटा औद्योगिक क्षेत्र के अध्यक्ष-श्री सोबरन सिंह तोमर ने जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र में की समस्याओं का निराकरण प्रशासन द्वारा प्राथमिकता से किया जाता है। आपने बताया कि क्षेत्र में पॉल्यूशन का इश्यू है। इस पर कार्य कराया जाये। वहीं संपत्ति कर जमा होने के बाद भी औद्योगिक इकाईयों से पुरानी संपत्ति कर मांगा जा रहा है, इसका निराकरण कराया जाये। म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी-श्री एन.पी. सिंह ने प्रदूषण की स्थिति को स्वयं जाकर देखने की बात कही। बिरला नगर इण्डस्ट्रियल एरिया से श्री खालिद कुरैशी ने कहा कि ग्वालियर में इंजीनियर का क्लस्टर बनना चाहिए। यदि शासन भूमि को डेवलप कराकर दे तो 100 इकाईयों यहां स्थापित हो जायेंगी। स्टोन पार्क इण्डस्ट्री एसोसिएशन से श्री सत्य प्रकाश शुक्ला ने कहा कि निगम सीमा में हो रहे विकास कार्यों में ग्वालियर के सेण्ड स्टोन पत्थर का प्रयोग किया जाना चाहिए ताकि यहां के प्रत्थर की ब्राण्डिंग हो सके। कार्यक्रम का संचालन मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल द्वारा तथा आभार मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल द्वारा व्यक्त किया गया। परिचर्चा में संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल, उद्योगपति-संजय धवन, साकेत आनंद, रवि अग्रवाल, मनोज अग्रवाल सहित काफी संख्या में उद्योगपति उपस्थित थे।

**राजस्थान में उद्योगों की संभावनाओं पर प्रेजेंटेशन**–राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कार्पोरेशन द्वारा राजस्थान में उद्योगों की संभावनाओं के संबंध में पॉवर प्रेजेंटेशन दिया गया। इस अवसर पर रीको के सीनियर रीजनल मैनेजर-श्री एस.सी. गर्ग, भरतपुर तथा असिस्टेंट जनरल मैनेजर-श्री सचिन शर्मा उपस्थित रहे। श्री सचिन शर्मा ने पॉवर प्रेजेंटेशन के माध्यम से बताया कि उद्योगपति राजस्थान में आकर उद्योग स्थापित करें, राजस्थान में 99 साल के लिए औद्योगिक भूमि लीज पर दी जाती है। रीको द्वारा 350 इण्डस्ट्रियल एरिया डेवलप किये गये हैं जिनमें 42000 इकाईयां संचालित हैं। आपने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

## 15 मार्च को मनेगा विश्व उपभोक्ता दिवस

### उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिये कलेक्ट्रेट में होगा कार्यक्रम, प्रदर्शनी भी लगेंगीं

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में भी 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता दिवस मनाया जायेगा। इस दिन दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट स्थित स्व. टी धर्माराव सभागार (जनसुनवाई कक्ष) में उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिये कार्यक्रम का आयोजन होगा। साथ ही इस अवसर पर विभिन्न विभागों एवं पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जायेंगी। उत्कृष्ट प्रदर्शनी लगाने वाले विभागों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए जायेंगे। जिला आपूर्ति नियंत्रक से प्राप्त जानकारी के मुताबिक विश्व उपभोक्ता दिवस पर कलेक्ट्रेट में नगर निगम द्वारा सम्पत्ति कर, जल कर एवं समग्र आईडी के संबंध में प्रदर्शनी लगाई जायेगी। साथ ही नापतौल विभाग, आईओसी, बीपीसी व एचपीसी कंपनी एवं स्वास्थ्य, सहकारी बाजार, दूर संचार, डाक-तार, जीडीए एवं जीवन बीमा निगम द्वारा प्रदर्शनी लगाई जायेंगीं।

## गाइडलाइन में शहरी क्षेत्र में 25 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 22 प्रतिशत औसत वृद्धि का प्रस्ताव

### अचल सम्पत्ति की नई दरों के निर्धारण के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक, प्रस्तावित दरों के संबंध में दावे-आपत्तियाँ व सुझाव 17 मार्च तक दिए जा सकेंगे

**ग्वालियर।** अचल सम्पत्ति के पंजीयन के लिये नई दरें तय करने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित हुई। जिले की अचल सम्पत्ति के पंजीयन की गाइडलाइन (मार्गदर्शक सिद्धांत) में जिले के शहरी खासकर ग्वालियर नगर निगम क्षेत्र में अचल सम्पत्ति के मूल्य में 25 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव किया गया है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में 13 प्रतिशत औसत वृद्धि प्रस्तावित है। डबरा शहरी क्षेत्र में आवासीय भू-खण्डों के लिये लगभग 18 प्रतिशत और डबरा ग्रामीण क्षेत्र के लिये लगभग 17 प्रतिशत दरें बढ़ाने का प्रस्ताव गाइडलाइन में किया गया है। जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में तय की गई गाइडलाइन के संबंध में 17 मार्च को सायंकाल 5 बजे तक दावे-आपत्तियाँ व सुझाव जिला पंजीयक कार्यालय में प्रस्तुत किए जा सकेंगे। गाइडलाइन में निर्धारित दरें व परिवर्तन की सूची एनआईसी की वेबसाइट 222.द्2ड्डद्यद्बश्रह्म.ठ्ठद्ब.द्बठ्ठ पर उपलब्ध है। साथ ही कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंजीयक कार्यालय में भी कार्यालयीन समय में दरों की सूची देखी जा सकती है। प्राप्त सुझावों के आधार पर जिला मूल्यांकन समिति द्वारा गाइडलाइन को अंतिम रूप देकर अनुमोदन के लिये भोपाल भेजा जायेगा। भोपाल में केन्द्रीय समिति के अनुमोदन के बाद एक अप्रैल से शुरू होने जा रहे अगले वित्तीय वर्ष में यह गाइडलाइन लागू होगी।

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि अचल सम्पत्ति के प्रचलित बाजार मूल्य और जमीन की वास्तविक कीमत को ध्यान में रखकर गाइडलाइन की दरों को अंतिम रूप दें। उन्होंने कहा नई दरों का निर्धारण इस बात को ध्यान में रखकर करें, जिससे राजस्व बढ़े तथा आर्थिक गतिविधियों व निवेश को भी बढ़ावा मिले। साथ ही आम जन पर बोझ भी कम पड़े। बैठक में बताया गया कि नई गाइडलाइन में विसंगतियों को दूर करने के प्रयास किए गए हैं। ग्वालियर शहर में स्थित 235 सघन व्यवसायिक क्षेत्रों में आवासीय एवं व्यवसायिक दरों को एक समान किया गया है। इसी तरह नगरीय क्षेत्र में 85 ऐसे सघन आवासीय क्षेत्रों में जहाँ कृषि भूमि नहीं है और बड़े-बड़े आवासीय भू-खण्ड उपलब्ध हैं, वहाँ की दरों को कृषि भूमि की दरों की बजाय आवासीय दरों के अनुरूप रखकर बड़ी विसंगति को दूर किया गया है। बैठक में वरिष्ठ जिला पंजीयक श्री यू एस वाजपेयी, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, संयुक्त संचालक नगर एवं ग्राम निवेश श्री बी के शर्मा, जनप्रतिनिधिगण तथा पंजीयन विभाग के उप पंजीयक सर्वश्री दुष्यंत दीक्षित, महेन्द्र सिंह कौरव, संजय सिंह, प्रशांत साहू, के एन वर्मा व राजीव त्यागी मौजूद थे।

**भितरवार कस्बे की गाइडलाइन में परिवर्तन करने के निर्देश**–कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला मूल्यांकन समिति ने भितरवार कस्बे की गाइडलाइन में परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। कलेक्टर श्री सिंह ने समिति के निर्णय के अनुसार भितरवार कस्बे की कॉलोनियों में प्रचलित बाजार मूल्य व इनकी लोकेशन का फिर से अध्ययन करने के बाद दरों में बढ़ोत्तरी करने के निर्देश दिए। ज्ञात हो बैठक में प्रस्तुत की गई भितरवार की गाइडलाइन में अचल सम्पत्ति की दर में कोई बढ़ोत्तरी प्रस्तावित नहीं की गई थी।

## जिला स्तरीय ऑनलाइन रोजगार मेला 15 मार्च को

### उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं को नौकरी एवं बेहतर रोजगार का सुनहरा मौका, अब तक जिले के 752 विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन

**ग्वालियर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत 15 मार्च को जिला स्तरीय ऑनलाइन स्वरोजगार एवं रोजगार मेला लगने जा रहा है। ग्वालियर जिले के युवाओं को इस रोजगार मेले के जरिए बैंकों एवं निजी कंपनियों में नौकरी एवं बेहतर स्वरोजगार प्राप्त करने का सुनहरा मौका है। रोजगार मेले में भाग लेने के लिये वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकता है। रोजगार मेले में भाग लेने के लिये अब तक जिले के 752 विद्यार्थी अपना पंजीयन करा चुके हैं। कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखकर प्रदेश में पहली बार ऑनलाइन रोजगार मेले का आयोजन हो रहा है।

महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय (एमएलबी कॉलेज) के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के मुताबिक रोजगार मेले में युवाओं को नौकरी दिलाने के लिये विभिन्न बैंकों और प्रतिष्ठित कंपनियों से सहमति ली गई है। इनमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी, पंजाब नेशनल बैंक, कोटेक बैंक, कर्ल ऑन लिमिटेड, एनजे ग्रुप, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा, एलआईसी, चोला मंडलम, स्टार हैल्थ, राठी व मॉन्टेज इंटरप्राइजेज सहित अन्य रोजगार प्रदाता शामिल हैं। कंपनियों ने भरोसा दिलाया है कि योग्य अभ्यर्थी मिलने पर रोजगार मेले में ऑफर लेटर भी प्रदान किए जायेंगे। साथ ही अभ्यर्थियों को शॉर्ट लिस्ट कर अगले स्तर पर चयन के लिये भेजा जायेगा। विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के तहत इस ऑनलाइन रोजगार मेले का आयोजन आत्मनिर्भर भारत में स्वरोजगार एवं उद्यमिता विकास के लिये युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। साथ ही कंपनियों के प्रशिक्षण एवं विकास कार्यक्रम से भी विद्यार्थियों को जोड़ने के प्रयास इस मेले के जरिए होंगे। सरकार की नई योजनाओं की जानकारी भी रोजगार मेले में दी जायेगी।

## स्मार्ट सिटी एडवायजरी फोरम की बैठक आज

**ग्वालियर।** स्मार्ट सिटी एडवायजरी फोरम की बैठक 14 मार्च को बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक प्रातः 11 बजे मोतीमहल स्थित मानसभागार में आयोजित होगी। ज्ञात हो स्मार्ट सिटी एडवायजरी फोरम का गठन स्मार्ट सिटी मिशन गाइडलाईन के अनुसार योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से किया गया है। एडवायजरी फोरम में जनप्रतिनिधिगण, तकनीकी विशेषज्ञ, विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक शामिल किए है।

## जीएसटी के खिलाफ कैट ने दिया धरना, व्यापारी कोई नींबू नहीं जो हर कोई निचोड ले : भूपेन्द्र जैन

**ग्वालियर।** जीएसटी की विसंगतियों के खिलाफ एवं ऑनलाइन कंपनियों की मनमानी के विरुद्ध कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा आज 13 मार्च 2021, शनिवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक व्यापारियों के साथ इंदरगंज चौराहे पर धरना दिया गया। इस अवसर पर कैट मध्यप्रदेश के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र जैन ने कहा व्यापारी कोई नींबू नहीं है जो कोई भी आकर निचोड ले। अब व्यापारी जागरूक हो चुका है। व्यापारी अब किसी भी स्थिति में अन्याय सहन नहीं करेगा। व्यापारी अपने साथ होने वाले हर अन्याय का डटकर मुकाबला करेगा। धरने में बडी संख्या में शहर के व्यापारी उपस्थित थे। धरने को संबोधित करते हुए व्यापारियों ने कहा कि अब वो समय नहीं है कि हमें कोई भी चांटा मारे तो हम दूसरा गाल आगे कर देंगे। सरकार की व्यापारी विरोधी नीतियों का हर स्तर पर विरोध किया जायेगा। व्यापारी अब दमन को सहन नहीं करेंगे। जीएसटी की विसंगतियों और ऑनलाइन कंपनियों के खिलाफ



व्यापारियों ने धरना दिया था। आंदोलन के अगले चरण में 20 मार्च को रैली निकालेंगे। रैली शाम 4 बजे नदी गेट से प्रारंभ होगी। यह रैली दाल बाजार, नया बाजार, कम्पू, रॉक्सी पुल, महाराज बाडा, सराफा बाजार, गश्त का ताजिया, ओल्ड हाईकोर्ट होते हुए इंदरगंज चौराहे पर पहुंचेगी। इसके बाद 26 मार्च को जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन भी दिये जायेंगे। जिला संयोजक दीपक पमनानी एवं कोषाध्यक्ष जे.सी. गोयल ने जीएसटी के प्रावधानों के बारे में बताया। धरने को प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रकाश अग्रवाल, दिलीप पंजवानी, अनिल जैन, कविता जैन, रवि कुमार गर्ग, बबलू गुप्ता, रवि अग्रवाल, राजेश मारवाडी, प्रकाश अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, दीपक राठौर, मदन मोहन शर्मा, मनोज अग्रवाल, राजकुमार जैन, मुकेश कुमार जैन, आशीष जैन, कृष्ण बिहारी गोयल, महेन्द्र साहू, साकेत आनंद, सनी जैन, शिवा, अमित जैन, न्यू शंकर प्लायवुड, राजू ओम साइकिल, कन्हैया प्लास्टिक, प्रोविजन स्टोर, मनोज कुमार, सुनील जैन, सपुनीत, दीपक जैन, बसंत, कमल पुनियानी, पवन गुप्ता, राजीव जैन, विजय खंडेलवाल, मुकेश अग्रवाल आदि ने संबोधित किया।

## नगरीय निकाय चुनाव आरक्षण प्रक्रिया पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ ने





नगरीय निकाय चुनाव (महापौर एवं नगर पालिका अध्यक्ष) चुनाव के लिये हुये आरक्षण के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने के बाद न्यायमूर्ति श्री शील नागू एवं न्यायमूर्ति आनंद पाठक ने आरक्षण प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। मध्यप्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों मैं अध्यक्ष एवं मेयर चुनाव मैं आरक्षण प्रक्रिया रोटेशन के नियमानुसार ना होने के कारण अधिवक्ता मानवर्धन सिंह तोमर ने अपील दायर की थी, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश शासन के दिनांक 10 दिसंबर 2020 के मध्यप्रदेश में होने वाले नगरीय एवं पंचायत चुनाव के अध्यक्ष ,मेयर के आरक्षण प्रक्रिया पर स्टे दे दिया है। इस मामले में हुई सुनवाई के बाद माननीय उच्च न्यायालय हाई कोर्ट खंड पीठ ग्वालियर ने अपील कर्ता की दायर याचिका पर यह आदेश जारी किया। याचिका कर्ता की ओर से एडवोकेट अभिषेक सिंह भदोरिया ने पक्ष रखा जबकि शासन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता अंकुर मोदी द्वारा पक्ष रखा गया था। एडवोकेट अभिषेक सिंह भदौरिया के अनुसार उक्त आदेश के तहत अब चुनाव प्रक्रिया मध्यप्रदेश में रोक दी गई है।



## स्व श्रीमति गीता शर्मा

### द्वितीय पुण्यतिथि



अपनी ख्वाइशों का कत्ल कर वो हमेशा हमारे सपनों के लिए जीती थी। बस कुछ इसी तरह हमारी मां की जिंदगी बीती थी। ना जाने क्यों आज अपना ही घर मुझे अनजान सा लगता है तेरे जानें के बाद ये घर, घर नहीं मकान सा लगता है।

!! विनम्र श्रद्धांजलि!!

श्रद्धानवत

श्री राम बिहारी शर्मा (उप निरीक्षक) पति
श्रीमति रानू दुबे - प्रो पवन दुबे (पुत्री - दामाद)
श्रीमति प्रीति शर्मा- गिरीश शर्मा (पटवारी) पुत्रवधू - पुत्र
श्रीमति प्रज्ञा शर्मा - गौरव शर्मा (पत्रकार) पुत्रवधू - पुत्र
पलक, आरोही, तृषा, नातिन, द्विजराज नाती

PTV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे

PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे ।

तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार

आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं

हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।

Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com

नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निकट हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478